नई दिल्ली
शुक्रवार, 15 अगस्त 2025
भाद्रपद मास कृष्ण पक्ष, सप्तमी वर्ष : 29, अंक : 122
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

मौसम
अधि. 32
न्यून. 24

79वें स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

## शुभकामनाएं

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सुधी पाठकों, विज्ञापनदाताओं, अभिकर्ताओं व वितरक बंधुओं समेत सभी शुभचिंतकों को हार्दिक शुभकामनाएं। इस अवसर पर 15 अगस्त शुक्रवार को हरिभूमि कार्यालय में अवकाश रहेगा। आगामी अंक 17 अगस्त रविवार को आपके हाथों में होगा। – संपादक

## एसबीआई ने अग्निवीरों के लिए विशेष ऋण योजना शुरू की

**नई दिल्ली (भाषा)।** भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने 79वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर भारत सरकार के अल्पकालिक अग्निपथ भर्ती कार्यक्रम के तहत अग्निवीरों के लिए एक विशेष व्यक्तिगत ऋण योजना शुरू करने की बृहस्पतिवार को घोषणा की। एसबीआई ने कहा कि इस ऋण योजना के तहत बैंक में वेतन खाता रखने वाले अग्निवीर बिना किसी गारंटी के चार लाख रुपये तक का ऋण हासिल कर सकते हैं। इसमें प्रसंस्करण शुल्क पर पूर्ण छूट होगी। पुनर्भुगतान अवधि अग्निपथ योजना की अवधि के अनुरूप होगी। बैंक 30 सितंबर, 2025 तक सभी रक्षा कर्मियों को 10.50 प्रतिशत की न्यूनतम ब्याज दर की पेशकश कर रहा है। बैंक के चेयरमैन सी. एस. शेट्टी ने कहा कि एसबीआई में हमारा मानना है कि जो लोग हमारी स्वतंत्रता की रक्षा कर रहे हैं... वे अपने भविष्य के निर्माण में हमारे अटूट समर्थन के हकदार हैं। यह शून्य-प्रसंस्करण शुल्क तो महज शुरुआत है। हम आगे भी ऐसे समाधान तैयार करते रहेंगे जो आने वाले वर्षों में भारत के वीरों को सशक्त बनाएंगे।'

### 79वें स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्र के नाम दिए अपने संबोधन में बोलीं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू

# ऑपरेशन सिंदूर आतंक के खिलाफ लड़ाई में मिसाल के तौर पर इतिहास में दर्ज होगा

- वीर चक्र से सम्मानित होंगे मुरीदके, बहावलपुर में लश्कर-जैश के आतंकी मुख्यालयों को नेस्तनाबूद करने वाले वायुवीर

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

सशस्त्र सेनाओं की सुप्रीम कमांडर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने गुरुवार को 79 वें स्वतंत्रता दिवस (15 अगस्त) की पूर्व संध्या पर राष्ट्र के नाम दिए अपने संबोधन में पहलगाम आतंकी हमले के बाद की गई भारत की जवाबी कार्रवाई 'ऑपरेशन सिंदूर' का मजबूती के साथ जिक्र किया। उन्होंने कहा कि भारत का यह सैन्य अभियान आतंकवाद के विरूद्ध मानवता की लड़ाई में एक मिसाल के तौर पर इतिहास में दर्ज होगा। इस वर्ष हमें आतंकवाद का दंश झेलना पड़ा। कश्मीर घूमने गए निर्दोष नागरिकों की हत्या कायरतापूर्ण और अमानवीय थी। जिसका जवाब भारत ने अपने फौलादी संकल्प के साथ निर्णायक तरीके से दिया। उन्होंने कहा, ऑपरेशन सिंदूर ने यह दिखा दिया कि जब राष्ट्र का सवाल सामने आता है। तब हमारे सशस्त्र बल किसी भी स्थिति का सामना करने के लिए पूरी तरह से सक्षम होते हैं। अभियान के दौरान हमारी सेना ने रणनीतिक स्पष्टता और तकनीकी दक्षता के साथ सीमा पार मौजूद आतंकवादी ठिकानों को नेस्तनाबूद कर दिया।

**राष्ट्रपति ने दी 15 अगस्त के मौके पर सशस्त्र सेनाओं के कर्मियों को प्रदान किए जाने वाले 457 से अधिक वीरता और उत्कृष्ट सेवा पुरस्कारों को मंजूरी दी**



## नागरिकों की रक्षा से नहीं होगा कोई समझौता

राष्ट्रपति ने यह भी कहा कि देश की इस जवाबी कार्रवाई की सबसे बड़ी विशेषता हमारी एकता थी। जिसने उन सभी तत्वों को करारा जवाब दिया जो हमें विभाजित देखना चाहते हैं। ऑपरेशन सिंदूर प्रतिरक्षा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर भारत की परीक्षा का भी अवसर था। अब यह सिद्ध हो गया है कि हम सही रास्ते पर हैं। हमारा स्वदेशी विनिर्माण उस निर्णायक स्तर पर पहुंच गया है। जहां हम अपनी बहुत सी सुरक्षा आवश्यकताओं को पूरा करने में भी आत्मनिर्भर बन गए हैं। यह तमाम उपलब्धियां भारत के रक्षा इतिहास में एक नए अध्याय का सूत्रपात हैं। राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि आतंकवाद के खिलाफ बने हुए अपने दृष्टिकोण को स्पष्ट करने के लिए दुनिया के तमाम देशों में गए भारत के संसद सदस्यों के बहुदलीय प्रतिनिधिमंडलों ने भी देश की इसी एकता को प्रदर्शित किया। वैश्विक समुदाय ने भी भारत की इसी नीति का संज्ञान लिया है कि हम आक्रमणकारी तो नहीं बनेंगे। लेकिन अपने नागरिकों की रक्षा के लिए जवाबी कार्रवाई करने में भी बिलकुल संकोच नहीं करेंगे।

### 100 से ज्यादा आतंकी मार गिराए

यहां बता दें कि 22 अप्रैल को पहलगाम हमले के जवाब में भारत ने 7 मई की दरमियानी रात सशस्त्र सेनाओं के संयुक्त अभियान ऑपरेशन सिंदूर के जरिए सीमा पार पाकिस्तान और उसके ▶▶ शेष पेज 3 पर

### 457 पुरस्कारों को दी मंजूरी, वायुवीरों को वीर चक्र

*वहीं, राष्ट्रपति ने सशस्त्र सेनाओं के कर्मियों को 15 अगस्त के अवसर पर प्रदान किए जाने वाले कुल करीब 457 वीरता और उत्कृष्ट सेवा पुरस्कारों (127 वीरता पुरस्कार, 40 उत्कृष्ट सेवा पुरस्कार और 290 मेंशन इन डिस्पैच शामिल) को अपनी मंजूरी प्रदान कर दी है। राष्ट्रपति भवन में आयोजित किए जाने वाले समारोहों में इनका वितरण किया जाएगा। वीरता पुरस्कारों की खास बात ये है कि इस साल ऑपरेशन सिंदूर में भागीदारी करने वाले 36 वायु योद्धाओं को वीरता पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। इनमें लड़ाकू विमान पायलटों समेत वायुसेना के वो 9 अधिकारी भी शामिल हैं। जिन्होंने इस अभियान में सीमा पार पाकिस्तान के मुरीदके और बहावलपुर में मौजूद आतंकी संगठनों के मुख्यालयों को अपने सटीक हवाई हमलों से पलभर में ही मटियामेट कर दिया था। इन्हें वीर चक्र से नवाजा जाएगा। जो कि भारत का युद्धकाल का तीसरा सबसे बड़ा वीरता पुरस्कार है। वायुवीरों को 1 शौर्य चक्र और 26 वायुसेना मेडल भी प्रदान किए जाएंगे। इसके अलावा राष्ट्रपति ने तटरक्षकबल कर्मियों के लिए 5 तटरक्षकबल मेडल को भी अपनी स्वीकृत प्रदान की है। सेना को 4 कीर्ति चक्र, 4 वीर चक्र, 8 शौर्य चक्र सहित 205 पुरस्कारों को मंजूरी दी है। इसी तरह से राष्ट्रपति ने नौसेना के 17 कर्मियों के लिए वीरता व उत्कृष्ट सेवा पुरस्कारों के लिए मंजूरी दी है। जिसमें 2 शौर्य चक्र (लेफ्टिनेंट कमांडर सूरज पराशर, राम गोयल सी-1) शामिल हैं।*

### मार गिराए पाक के 6 लड़ाकू विमान

*वायुसेना के वीर चक्र से सम्मानित होने वाले योद्धाओं में ग्रुप कैप्टन आर.एस. सिधु, मनीष अरोड़ा, अनिमेष पटनी, कुणाल कालरा शामिल हैं। जबकि विंग कमांडर जॉय चंद्रा, स्क्वॉड्रन लीडर सार्थक कुमार, सिद्धांत सिंह, रिजवान मलिक और फ्लाइट लेफ्टिनेंट ए.एस. ठाकुर को भी इस वीरता पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। बताते चलें कि वायुसेनाप्रमुख एयरचीफ मार्शल ए.पी. सिंह ने हाल ही में कहा था कि ऑपरेशन सिंदूर में भारत ने पाकिस्तान के कुल करीब 6 लड़ाकू विमानों को मार गिराया था। इस दौरान एस-400 सिस्टम ने निर्णायक भूमिका निभाई थी।*

### आज लाल किले की प्राचीर से देश को संबोधित करेंगे पीएम मोदी

# राष्ट्रगान बजाने वाले बैंड में पहली बार अग्निवीर देशभर से 85 सरपंच होंगे स्पेशल गेस्ट



**स्वतंत्रता दिवस के इन्विटेशन कार्ड पर ऑपरेशन सिंदूर का लोगो**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

15 अगस्त 2025 को 79वां स्वतंत्रता दिवस मनाया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दिल्ली में लाल किले पर राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे और राष्ट्र को संबोधित करेंगे। इस बार की थीम 'नया भारत' है। मोदी दिल्ली के लालकिले की प्राचीर से लगातार 12वीं बार राष्ट्र को संबोधित करेंगे। पीएम मोदी अपने संबोधन से अंतरराष्ट्रीय बिरादरी को भारत का विजन देंगे। साथ ही, पूरा संबोधन सेना के शौर्य को समर्पित होगा। इस साल पहली बार राष्ट्रगान बजाने वाले बैंड में 11 अग्निवीर हिस्सा लेंगे। साथ ही इन्विटेशन कार्ड पर ऑपरेशन सिंदूर का लोगो और चिनाब पुल का वॉटरमार्क भी होगा। जो 'नए भारत' के उदय को दर्शाता है। इस बार की देशभर से 85 ग्राम सरपंचों को ग्रामीण परिवर्तन में उनके योगदान के लिए स्पेशल गेस्ट के तौर पर आमंत्रित किया गया है। गार्ड ऑफ ऑनर की कमान विंग कमांडर एएस सेखों संभालेंगे। प्रधानमंत्री के गार्ड में थलसेना दस्ते की कमान मेजर अर्जुन सिंह, नौसेना दस्ते की कमान लेफ्टिनेंट कमांडर कोमलदीप सिंह और वायुसेना दस्ते की कमान स्क्वाड्रन लीडर राजन अरोड़ा संभालेंगे। दिल्ली पुलिस दस्ते की कमान एडिशनल डीसीपी रोहित राजबीर सिंह संभालेंगे। 1721 फील्ड बैटरी (सेरेमोनियल) की 21 तोपों की सलामी 1721 फील्ड बैटरी (सेरेमोनियल) की तरफ से 21 तोपों की सलामी दी जाएगी। स्वदेशी 105 मिमी लाइट फील्ड गन का उपयोग करने वाली इस सेरेमोनियल बैटरी की कमान मेजर पवन सिंह शेखावत के हाथों में होगी। 128 जवान तिरंगा फहराने के समय सलामी देंगे राष्ट्रीय ध्वज रक्षक दल, जिसमें थलसेना, नौसेना, वायुसेना और दिल्ली पुलिस के एक-एक अधिकारी और 32 अन्य रैंक के कर्मी शामिल होंगे, कुल 128 जवान प्रधानमंत्री के राष्ट्रीय ध्वज फहराने के समय राष्ट्रीय सलामी देंगे। विंग कमांडर तरुण डागर इस इंटर सर्विस गार्ड और पुलिस गार्ड की कमान संभालेंगे। पहली बार राष्ट्रगान बैंड में 11 अग्निवीर शामिल राष्ट्रीय ध्वज गार्ड में सेना ▶▶ शेष पेज 3 पर



## अधिकांश जगहों पर कई कई फुट हुआ जलभराव

# स्वतंत्रता दिवस से एक दिन पहले दिल्ली हुई पानी-पानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

स्वतंत्रता दिवस से ठीक एक दिन पहले 14 अगस्त 2025 को भारी बारिश के चलते दिल्ली एक बार फिर पानी पानी हो गई। बारिश के चलते पेड़ गिरने से एक मोटरसाइकिल चालक की मौत व दो के घायल होने की भी खबर है। बुधवार देर रात से गुरुवार सुबह तक होती रही भारी बारिश के चलते अधिकांश जगहों पर कई कई फुट जलभराव की वजह से काम धंधे पर जाने वाले लोगों को भारी मशक्कत करनी पड़ी। अधिकांश स्कूलों में स्वतंत्रता दिवस के आयोजनों के चलते स्कूली बच्चों की हालत भी खराब रही। वहीं अधिकांश सड़कों, गलियों, अंडरपास व फ्लाईओवर आदि पर जलभराव ने वाहनों की गति रोक कर रख दी। सड़कों पर वाहनों की लंबी लंबी कतारें लग गई। कई वीवीआईपी क्षेत्रों में भी भारी जलभराव देखने को मिला। बारिश के चलते धौला कुआं, एम्स अंडरपास व फ्लाईओवर, मूलचंद अंडरपास, आजाद मार्केट रेलवे अंडर पास, आनंद पर्वत,



रोहतक रोड, मुंडका, नांगलोई, सदर बाजार, एयरपोर्ट के आस पास, लाजपत नगर फ्लाईओवर पूरी तरह बंद, मंगोलपुरी, जहांगीरपुरी जी टी के रोड, जहांगीरपुरी मेट्रो स्टेशन के नीचे, सिरसपुर, हैदरपुर, बादली गांव, भलस्वा डेरी, डीडीयू एरिया, कमला मार्केट, पहाड़गंज, सीलमपुर, जौहरीपुर, नंदनगरी, गोयला डेरी, उत्तम नगर आदि क्षेत्रों में जलभराव से लोगों का आना जान मुहाल हो गया। प्रादेशिक मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार सुबह साढ़े आठ बजे से शाम साढ़े पांच बजे के बीच दिल्ली के सफदरजंग वेधशाला में सबसे ज्यादा 79.4 मिमी भारी बारिश दर्ज हुई। जबकि पालम में 45.4 मिमी, लोदी रोड में 66.8 मिमी, रिज एरिया में 66.8 मिमी, आया नगर में 66 मिमी, राजघाट में 30.8 मिमी, प्रगति मैदान में 9.6 मिमी, पूसा में 49 मिमी, मयूर विहार में 6.5 मिमी, नजफगढ़ में 24.5 एमएम और जनकपुरी में 14.5 मिमी बारिश दर्ज हुई। आईएमडी के आंकड़ों के अनुसार बुधवार देर रात से गुरुवार सुबह साढ़े आठ बजे से पहले दिल्ली के सफदरजंग 13.1 मिमी, पालम में 49.4 मिमी, लोदी रोड में 12.6 मिमी, रिज एरिया में 17.4 मिमी, आया नगर में 57.4 मिमी, प्रगति मैदान में 9.6 मिमी, पूसा में 5 मिमी, मयूर विहार में 17.5 मिमी, नजफगढ़ में 17 एमएम और जनकपुरी में 14.5 मिमी बारिश दर्ज हुई। रात और दिन का आंकड़ा मिला दें तो दिल्ली में करीब 100 मिमी भारी पानी बरसा है। सदर बाजार में इतना पानी भरा कि दुकानदारों का माल तक पानी में तैरने लगा। घंटो झमाझम बारिश के चलते अधिकतम तापमान में भी सीधे 6 डिग्री से ज्यादा की गिरावट दर्ज हुई है। आईएमडी के अनुसार अधिकतम तापमान लुढ़ककर 27.7 डिग्री सेल्सियस रह गया, जो इस मौसम के सामान्य तापमान से 6.1 डिग्री सेल्सियस कम है।

## हेलमेट पहनने की आदत और ट्रैफिक नियमों का पालन करना भी है देशभक्ति : रेखा गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

हेलमेट पहनने की छोटी सी आदत और ट्रैफिक नियम का कड़ाई से पालन करना भी देशभक्ति का एक अहम हिस्सा है। यह बात गुरुवार को दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कनॉट प्लेस से 'हेलमेट पहनने के परिणाम' अभियान का शुभारंभ करते हुए कही। इस अवसर पर दिल्ली के परिवहन मंत्री डॉक्टर पंकज कुमार सिंह और सांसद बांसुरी स्वराज समेत कई गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित रहे। 'हेलमेट पहनने के परिणाम' अभियान की शुरुआत करने के बाद दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि 'हेलमेट पहनने के परिणाम' अभियान शुरू करने का मुख्य उद्देश्य दोपहिया वाहन चलाते वक्त हेलमेट पहनने के महत्व को प्रत्येक नागरिकों को समझाने के साथ ही यह बताना है कि हेलमेट नहीं पहनने की छोटी सी लापरवाही से सड़क दुर्घटना में लगातार वृद्धि हो रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सड़क सुरक्षा केवल एक आदमी की व्यक्तिगत जिम्मेदारी नहीं, बल्कि सामूहिक सामाजिक कर्तव्य है। वाहन चलाते वक्त हेलमेट पहनना भले ही एक छोटा-सा कदम है, लेकिन सड़क दुर्घटना के बाद यह जीवन बचाने में सबसे महत्वपूर्ण योगदान दे सकता है। जिसके लिए हमारी सरकार सड़क सुरक्षा नियमों को राजधानी में सख्ती से लागू करने के साथ-साथ जागरूकता फैलाने के लिए भी निरंतर प्रयास करने में जुटी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी जिंदगी केवल हमारी अपनी नहीं, बल्कि पूरे परिवार, समाज और राष्ट्र की भी अहम जिम्मेदारी है।


**उत्तर रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

वरिष्ठ मंडल वि. अभि./क. वि., डी. आर. एम. ऑफिस, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्न कार्य हेतु खुली निविदायें आमंत्रित करते हैं।

| | |
|---|---|
| 1 | **कार्य का नाम व स्थान :** 03 वर्ष की अवधि के लिए दिल्ली मंडल के टावर वैगनों का अनिवार्य सामग्री/पुर्जों की आपूर्ति और स्थापना तथा अनुसूचित रखरखाव सहित वार्षिक रखरखाव। |
| 2 | **अनुमानित लागत :** रु. 9,20,96,162.44/- |
| 3 | **बयाना राशि :** रु. 6,10,500/- |
| 4 | **ई-निविदा ऑनलाइन जमा करने की अवधि :** 27.08.2025 (10.30 बजे) से 10.09.2025 (15.00 बजे तक) |
| 5 | **ई-निविदा समापन की अंतिम तथा ई-निविदा खुलने की तारीख और समय :** 10.09.2025 (15.00 बजे) |
| 6 | **निविदा छपाई की लागत :** 07041032 |
| 7 | **वेबसाइट विवरण जहां निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है :** www.ireps.gov.in |

सं.: 02A-क.वि.-नई दिल्ली-2025-26 दिनांक: 14.08.2025 2497/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**एन्का इंडिया लिमिटेड**

पंजीकृत कार्यालय: 5 लीजेंड स्क्वायर, सेक्टर 33, गुरुग्राम–122003;
फोन नंबर: 9356511187; वेबसाइट: www.ankaindia.com सीआईएन: L74900HR1994PLC033268

**30 जून, 2025 को समाप्त तिमाही के लिए अलेखापरीक्षित स्टैंडअलोन और समेकित वित्तीय परिणामों के सार**

राशि रु. लाख में

| क्र. सं. | विवरण | स्टैंडअलोन | | | | समेकित | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | समाप्त तिमाही | | | समाप्त वर्ष | समाप्त तिमाही (अलेखापरीक्षित) | | | पिछले वर्ष की समाप्ति |
| | | 30-जून-25 अलेखापरीक्षित | 31-मार्च-25 लेखापरीक्षित | 30-जून-24 अलेखापरीक्षित | 31-मार्च-25 लेखापरीक्षित | 30-जून-25 अलेखापरीक्षित | 31-मार्च-25 लेखापरीक्षित | 30-जून-24 अलेखापरीक्षित | 31-मार्च-25 अलेखापरीक्षित |
| 1 | परिचालन से कुल आय (शुद्ध) | - | - | - | - | 589.05 | 537.35 | 28.28 | 1,296.02 |
| 2 | अवधि के लिए शुद्ध लाभ (कर से पूर्व, असाधारण और/या असामान्य मदें) | (20.18) | 14.41 | 8.33 | 33.41 | 1.80 | (0.61) | (9.46) | (37.91) |
| 3 | कर पूर्व अवधि के लिए शुद्ध लाभ (असाधारण और/या असामान्य मदों के बाद) | (20.18) | 14.41 | 8.33 | 33.41 | 1.80 | (0.61) | (9.46) | (37.91) |
| 4 | कर के बाद की अवधि के लिए शुद्ध लाभ/(हानि) (असाधारण और/या असामान्य मदों के बाद) | (20.18) | 4.24 | 8.33 | 23.23 | (0.92) | (8.87) | (1.04) | (36.30) |
| 5 | अवधि के लिए कुल व्यापक आय (अवधि के लिए लाभ/(हानि) सहित (कर के बाद) और अन्य व्यापक आय (कर के बाद) | - | - | - | - | 2.95 | (6.64) | (1.04) | (20.53) |
| 6 | प्रदत्त इक्विटी शेयर (प्रत्येक का अंकित मूल्य 10 रुपये) – भारित औसत | 233.34 | 134.71 | 99.78 | 134.71 | 395.36 | 361.55 | 361.55 | 361.55 |
| 7 | प्रदत्त इक्विटी शेयर (प्रत्येक का अंकित मूल्य 10 रुपये) – विलयन भारित औसत | 233.34 | 134.71 | 99.78 | 134.71 | 395.36 | 361.55 | 361.55 | 361.55 |
| 8 | अन्य इक्विटी | NA | NA | NA | NA | NA | NA | NA | NA |
| 9 | प्रति शेयर आय (असामान्य मदों से पहले) (प्रत्येक का अंकित मूल्य 10 रुपये) मूल | (0.09) | 0.03 | 0.08 | 0.17 | (0.00) | (0.02) | (0.00) | (0.10) |
| | विलयन | (0.09) | 0.03 | 0.08 | 0.17 | (0.00) | (0.02) | (0.00) | (0.10) |

नोट्स:

1. उपरोक्त परिणाम, सेबी (सूचीबद्धता दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियम, 2015 के विनियम 33 के अंतर्गत बीएसई लिमिटेड के साथ दायर 30 जून 2025 को समाप्त तिमाही के लिए स्टैंडअलोन और समेकित अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों के विवरण के विस्तृत प्रारूप का एक अंश है। 30 जून 2025 को समाप्त तिमाही के लिए स्टैंडअलोन और समेकित अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों के विवरण का पूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट (www.bseindia.com) के साथ–साथ कंपनी की वेबसाइट (www.ankaindia.com) पर उपलब्ध है।

**स्टैंडअलोन वित्तीय विवरणों पर लेखा परीक्षकों की योग्य विचार:**

– वित्तीय विवरणों के नोट 3.1 का संदर्भ देते हुए, ₹22,50,000/– मूल्य की इन्वेंट्री बारह महीनों से अधिक समय से निष्क्रिय पड़ी हुई है। कंपनी ने लागू लेखांकन ढाँचे (इंड एएस 2 – अतिग्रस्त परिसंपत्ति), के अंतर्गत आवश्यक इन इन्वेंटरी के शुद्ध प्राप्ति योग्य मूल्य का आकलन नहीं किया है। पर्याप्त समर्थित दस्तावेजों और लेखापरीक्षा साक्ष्यों के अभाव में, हम यह निर्धारित करने में असमर्थ रहे है कि रिपोर्टिंग तिथि पर ऐसी इन्वेंटरी के वहन मूल्य में कोई समायोजन आवश्यक है या नहीं।

– वित्तीय विवरणों के नोट 3.2 का संदर्भ देते हुए, ₹6,59,84,393/– मूल्य की विकासाधीन अमूर्त आस्तियाँ दो वर्षों से अधिक समय से बहीखातों में अंकित हैं, जिनके विकास में कोई स्पष्ट प्रगति या तकनीकी या वाणिज्यिक व्यवहार्यता के संकेत नहीं हैं। कंपनी ने लागू लेखांकन मानकों (इंड एएस 38 – अमूर्त आस्तियाँ और इंड एएस 36 – आस्तियों की हानि), के अनुसार हानि का आकलन नहीं किया गया है। ऐसे आकलन के अभाव में, हम यह निर्धारित करने में असमर्थ रहे है कि किसी हानि को मान्यता देने की आवश्यकता है या नहीं।

– वित्तीय विवरणों के नोट 3.3 का संदर्भ देते हुए, कंपनी पिछले वर्षों में चुकाए गए न्यूनतम वैकल्पिक कर, जो ₹35,37,792/– था, को परिसंपत्ति के रूप में मान्यता देती रही है और अपेक्षा करती है कि इसे भविष्य के कर भुगतानों में समायोजित किया जाएगा। हमारे विचार में, कंपनी के घाटे के इतिहास और समग्र वित्तीय स्थिति को देखते हुए, कंपनी द्वारा इसे परिसंपत्ति के रूप में मान्यता देना विवेकपूर्ण नहीं है, और यह आयकर अधिनियम, 1961 के अंतर्गत न्यूनतम वैकल्पिक कर के संबंध में उपलब्ध ऋण के लेखांकन पर 'मार्गदर्शन नोट' के प्रावधानों के अनुरूप नहीं है।

**समेकित वित्तीय विवरणों पर लेखा परीक्षकों के योग्य विचार:**

– नोट 4.1 का संदर्भ देते हुए, वित्तीय विवरणों के समेकन के परिणामस्वरूप ₹11,74,04,155 की राशि की गुडविल को मान्यता प्राप्त हुई है। कंपनी कोई व्यवसाय नहीं कर रही है और समेकन के समय मान्यता प्राप्त गुडविल का 30/06/2025 तक हानि के लिए समेकन नहीं किया गया है।

– वित्तीय विवरणों के नोट 4.2 का संदर्भ देते हुए, ₹22,50,000/– मूल्य की इन्वेंटरी बारह महीनों से अधिक समय से निष्क्रिय पड़ी है। कंपनी ने लागू लेखांकन ढांचे (इंड एएस 2 – इन्वेंटरी) का मूल्यांकन, के तहत आवश्यक इन इन्वेंटरी के शुद्ध वसूली योग्य मूल्य का आकलन नहीं किया गया है। पर्याप्त समर्थित दस्तावेजों और लेखापरीक्षा साक्ष्यों के अभाव में, हम यह निर्धारित करने में असमर्थ हैं कि रिपोर्टिंग तिथि पर कथित इन्वेंटरी के वहन मूल्य में कोई समायोजन आवश्यक है या नहीं।

– वित्तीय विवरणों के नोट 4.3 का संदर्भ देते हुए ₹16,98,84,393/– मूल्य की विकासाधीन अमूर्त संपत्तियाँ दो वर्षों से अधिक समय से बहियों में बिना किसी स्पष्ट प्रगति या तकनीकी या वाणिज्यिक व्यवहार्यता के संकेत के रखी गई हैं। कंपनी ने लागू लेखांकन मानकों (इंड एएस 38 – अमूर्त संपत्तियाँ और इंड एएस 36 – संपत्तियों की हानि), के अनुसार हानि का आकलन नहीं किया है। ऐसे मूल्यांकन की कमी में, हम यह निर्धारित करने में विफल हैं कि क्या किसी क्षति हानि को मान्यता प्रदान करना आवश्यक है।

– वित्तीय विवरणों के नोट 4.4 का संदर्भ देते हुए, कंपनी पिछले वर्षों में चुकाए गए न्यूनतम वैकल्पिक कर, जो कि ₹35,37,792/– है, को एक परिसंपत्ति के रूप में मान्यता देती रही है और उसे भविष्य के कर भुगतानों में समायोजित किए जाने की अपेक्षा करती है। हमारे विचार में, कंपनी के घाटे के इतिहास और समग्र वित्तीय स्थिति को देखते हुए, कंपनी द्वारा इसे परिसंपत्ति के रूप में मान्यता देना विवेकपूर्ण नहीं है, और यह आयकर अधिनियम, 1961 के अंतर्गत न्यूनतम वैकल्पिक कर के संबंध में उपलब्ध ऋण के लेखांकन पर 'मार्गदर्शन नोट' के प्रावधानों के अनुरूप नहीं है।

निदेशकों के लिए और उनकी ओर से
एन्का इंडिया लिमिटेड
हस्ता/–
सुलक्षणा त्रिखा
अध्यक्ष

दिनांक: 14.08.2025
स्थान: गुरुग्राम


## खबर संक्षेप

### एलजी ने तिरंगा फहराकर की स्वतंत्रता दिवस उत्सव की शुरुआत, हर घर तिरंगा लगाने की अपील



**नई दिल्ली।** स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर गुरुवार को उपराज्यपाल (एलजी) विनय कुमार सक्सेना ने राजनिवास में तिरंगा फहराकर स्वतंत्रता दिवस उत्सव की शुरुआत की। एलजी ने अपने सोशल मीडिया मंच एक्स पर फोटो सहित पोस्ट करते हुए लोगों से अपील की है कि वह तिरंगा जरूर लगाए। एलजी ने राजनिवास पर तिरंगा लहराते हुए लिखा कि स्वतंत्रता दिवस उत्सव की शुरुआत की। मैं दिल्ली के सभी नागरिकों से अपील करता हूँ कि हर घर तिरंगा अभियान में शामिल होकर, राष्ट्रीय एकता और गौरव के प्रतीक तिरंगे को, अपने घर फहरा कर इस अभियान को सफल बनायें। बता दें कि पीएम नरेंद्र मोदी के आह्वान पर कई वर्षों से पूरे देश में हर घर तिरंगा अभियान चलाया जाता है। जिसमें नेता, अभिनेता, ब्यूरोक्रेट्स से लेकर भारत का प्रत्येक नागरिक इसमें शामिल होता है।

### मुस्तफाबाद विधानसभा में ध्वजारोहण समारोह का आयोजन



**नई दिल्ली।** स्वतंत्रता दिवस को लेकर मुस्तफाबाद विधानसभा एक भव्य ध्वजारोहण समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में एकता, अखंडता और लोकतंत्र के मूल्यों को बढ़ावा देने का संकल्प लिया गया है। इस समारोह के आयोजक गुलफ़ाम सेफी व आशिफ़ मिर्जा ब्लॉक अध्यक्ष ने बताया कि यह आयोजन स्थानीय समुदाय को एकजुट करने और देश के स्वतंत्रता संग्राम के बलिदानों को याद करने का एक प्रयास है। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे पूर्व विधायक हसन अहमद, करावल नगर कांग्रेस जिलाध्यक्ष आदेश भारद्वाज ने ध्वजारोहण कर स्वतंत्रता के अमर शहीदों को सलाम करते हुए कहा ₹स्वतंत्रता दिवस केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि हमारी एकता और अखंडता का प्रतीक है।

### वसंत विहार में दीवार गिरने से दो बच्चों की मौत

**नई दिल्ली।** वसंत विहार में गुरुवार शाम हनुमान मंदिर के पास दीवार गिरने से दो बच्चों की मौत हो गई। दोनों बच्चों की उम्र नौ और 10 वर्ष बताई गई है। दोनों शवों को मोर्चरी भिजवाया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस के अनुसार शाम को लगभग चार बजकर 44 मिनट पर 1/1 बसंत नगर, वसंत विहार, हनुमान मंदिर के पास एक दीवार गिरने की सूचना मिली थी। सूचना मिलने पर जांच अधिकारी अन्य कर्मचारियों के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। दो लड़कों (10 वर्ष) निवासी बेगूसराय, बिहार और (9 वर्ष) निवासी मधुबनी, बिहार को पीसीआर वैन द्वारा मलबे से निकालकर एम्स ट्रॉमा सेंटर भेजा गया, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। पूछताछ करने पर पता चला कि बच्चे दीवार के साथ लगी सीढ़ियों पर बैठे थे। यह दीवार डीडीए की है जो भारी बारिश और जलभराव के कारण गिर गई। आपदा प्रबंधन और डीडीए को सूचित कर दिया गया है। मलबे में फंसे अन्य लोगों की तलाश के लिए खबर लिखे जाने तक मलबा हटाने का कार्य किया जा रहा था।

### डीडीए के सदस्य के लिए दो पार्षदों ने किया नामांकन, निर्विरोध होगा चुनाव

**नई दिल्ली।** दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) में निगम प्रतिनिधि के रूप में दिल्ली नगर निगम के दो सदस्यों (पार्षदों) ने गुरुवार को अपना नामांकन दाखिल किया। इसमें वार्ड नंबर 219 से पार्षद बी. एस.पंवार ने दिल्ली के महापौर सरदार राजा इकबाल सिंह, स्थायी समिति की अध्यक्ष सत्या शर्मा एवं निगम में नेता सदन प्रवेश वाही की मौजूदगी में नामांकन दाखिल किया। जबकि वार्ड नंबर 116 से कृष्णा देवी राघव ने भी अपना नामांकन दाखिल कर दिया। किसी तीसरे पार्षद द्वारा नामांकन दाखिल नहीं करने के चलते 21 अगस्त 2025 को होने वाली साधारण सभा में इन दोनों सदस्यों का निर्विरोध चुनाव होना लगभग तय हो चुका है। इस मौके पर महापौर सरदार राजा इकबाल सिंह ने कहा कि डीडीए में सदस्यों के तौर पर दो सदस्य नामित किए जाते हैं। उन्होंने कहा कि दो सदस्यों के लिए केवल दो ही पार्षदों ने नामांकन दाखिल किया है इसलिए 21 अगस्त 2025 को होने वाली सदन की बैठक में उनका चुनाव निर्विरोध होगा।

### दिल्ली पुलिस के 18 अधिकारियों और जवानों को पदक

**नई दिल्ली।** स्वतंत्रता दिवस पर दिल्ली पुलिस के 18 अधिकारियों और जवानों को उनकी सेवाओं के लिए पदक प्रदान किए गए हैं। इनमें 3 राष्ट्रपति विशिष्ट सेवा पदक और 15 सराहनीय सेवा पदक शामिल हैं। राष्ट्रपति पदक पाने वाले अफसरों में स्पेशल सीपी गरिमा भटनागर, डॉ सागरप्रीत हुड्डा और एसआई सतेंद्र यादव शामिल है। सराहनीय सेवा के लिये चुने गये अफसरों व कर्मियों में डीसीपी अन्येश रॉय, एसीपी रिटायर्ड विरेंद्र सिंह सजवान, विजय कुमार वत्स, सूरज भान, गुरकिरत सिंह कोहली और सपना गेदाम शामिल हैं। इनके अलावा इसी श्रेणी में पदक पाने वालों में इंस्पेक्टर पवित्र सिंह, अनिल कुमार, सुनीता, एसआई रघुनाथ पवूर, महिला एसआई सुमेला रावत, संतोष देवी, एसआई किशन कुमार, एएसआई असीपाल सिंह और महिला एएसआई भावना अग्रवाल के नाम शामिल हैं।

### अवैध हथियारों के साथ अलग-अलग मामलों में नौ अरेस्ट

**नई दिल्ली।** बाहरी उत्तरी जिले की पुलिस ने अवैध हथियार रखने वालों पर व्यापक कार्रवाई करते हुये नौ अपराधियों को गिरफ्तार किया है। इनसे एक अर्ध स्वचालित पिस्तौल, 23 देशी पिस्तौल और 30 कारतूस बरामद हुये। डीसीपी हरेश्वर के अनुसार 12/13 अगस्त की मध्यरात्रि को यह कार्रवाई की गई। दरअसल बाहरी उत्तर जिले की साइबर पुलिस फेसबुक, इंस्टाग्राम जैसे अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अवैध हथियारों का प्रदर्शन करने वालों पर नजर रखी जा रही थी। ऑपरेशन यूनिट की टीमों, जिनमें से एक टीम का नेतृत्व इंस्पेक्टर प्रमोद तोमर प्रभारी एएटीएस और एबीएस, इंस्पेक्टर आनंद कुमार झा प्रभारी स्पेशल स्टाफ, शाहबाद डेयरी, भलस्वा डेयरी, एनआईए और स्वरूप नगर थाने की टीमें ने प्राप्त सूचनाओं के आधार पर जाल बिछाया था।






नई दिल्ली

शुक्रवार, 15 अगस्त 2025

भाद्रपद मास कृष्ण पक्ष, सप्तमी वर्ष : 29, अंक : 122

पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम

अधि. 32

न्यून. 24

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी




haribhoomi.com


**चशोटी गांव में मचैल माता की धार्मिक यात्रा के लिए पहुंचे कई लोग बहे, बादल वहीं फटा है, जहां से यात्रा शुरू होने वाली थी**

## 52 लोगों की मौत

### किश्तवाड़ में बादल फटा, करीब 200 से ज्यादा लोग लापता

# फिर... आसमान से बरसी 'आफत'

**167 लोगों को बचाया गया मचैल माता यात्रा फिलहाल स्थगित कर दी गई है**

**एनडीआरएफ की दो टीमें एसडीआरएफ, सेना और पुलिस के जवानों के साथ मौके पर जुटीं**



एजेंसी ▶▶ किश्तवाड़ (जम्मू)

जम्मू के किश्तवाड़ के चशोटी गांव में गुरुवार दोपहर 12:30 बजे बादल फटा। कई लोग पहाड़ से आए पानी और मलबे की चपेट में आ गए। हादसे में अब तक 38 लोगों की मौत हो गई है, जिनमें दो सीआईएसएफ जवान भी शामिल हैं। अब तक 167 लोगों को बचाया गया है। करीब 200 से ज्यादा लोग लापता हैं। इनमें 38 से ज्यादा गंभीर हैं। हादसा उस समय हुआ जब हजारों श्रद्धालु मचैल माता यात्रा के लिए किश्तवाड़ में पड्डर सब-डिवीजन में चशोटी गांव पहुंचे थे। यह यात्रा का पहला पड़ाव है।

बादल वहीं फटा है, जहां से यात्रा शुरू होने वाली थी। यहां श्रद्धालुओं की बसें, टेंट, लंगर और कई दुकानें थीं। सभी बाढ़ के पानी में बह गए। मचैल माता तीर्थयात्रा हर साल अगस्त में होती है। इसमें हजारों श्रद्धालु आते हैं। यह 25 जुलाई से 5 सितंबर तक चलेगी। यह रूट जम्मू से किश्तवाड़ तक 210 किमी लंबा है और इसमें पद्दर से चशोटी तक 19.5 किमी की सड़क पर गाड़ियां जा सकती हैं। उसके बाद 8.5 किमी की पैदल यात्रा होती है।

**इससे पहले धराली में बादल फटा था और पूरा गांव का गांव गायब हो गया था, इस हादसे में 12 की मौत हुई थी, अब तक 50 से ज्यादा लापता हैं**



**हेल्पलाइन नंबर**

▶▶ 9858223125, 6006701934, 9797504078, 8492886895, 8493801381 और 7006463710

▶▶ जिला नियंत्रण कक्ष के नंबर 01995259555, 9484217492

▶▶ पुलिस कंट्रोल रूम का नंबर 9906154100

## पहाड़ी इलाका, टूटी सड़कें और तेज पानी का बहाव बड़ी चुनौती


एक वीडियो में साफ दिखता है कि किस तरह पहाड़ से उमड़ता पानी तेज बहाव में गांव को अपनी चपेट में ले रहा है। बहाव इतना तेज कि घर, गाड़ियां, दुकानें, सब कुछ मलबे में दब गया। यह डर और हड़बड़ी का ऐसा मंजर था, जिसमें कई लोग अपनी जान बचाने के लिए भागते हुए नजर आए तो कई लोगों की चीखें सुनाई पड़ रही थीं। हादसे के बाद डिप्टी कमिश्नर पंकज कुमार शर्मा और एसएसपी किश्तवाड़ खुद मौके पर पहुंचे और राहत-बचाव कार्य शुरू करवाया। एनडीआरएफ की दो टीमें, एसडीआरएफ, सेना और पुलिस के जवानों के साथ मौके पर जुटी हैं। लेकिन लगातार गिरता मलबा और तेज धारा बचाव कार्य में बड़ी चुनौती बना हुआ है। मचैल माता यात्रा फिलहाल स्थगित कर दी गई है। गांव में मलबा हटाने, लापता लोगों को खोजने और घायलों को अस्पताल पहुंचाने का काम युद्धस्तर पर जारी है। पहाड़ी इलाका, टूटी सड़कें और तेज पानी का बहाव इस मिशन को बेहद मुश्किल बना रहा है।

### बोले पीएम मोदी-हर संभव मदद करेंगे



हादसे को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दुख जताया है। पीएम मोदी ने कहा कि इस आपदा से प्रभावित सभी लोगों के साथ उनकी संवेदनाएं हैं। उन्होंने बताया कि हालात पर कड़ी नजर रखी जा रही है। राहत-बचाव कार्य जारी हैं, उन्होंने भरोसा दिलाया कि जरूरतमंदों को हर संभव सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। वहीं गृहमंत्री अमित शाह ने बताया कि किश्तवाड़ जिले में बादल फटने की घटना को लेकर जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल और मुख्यमंत्री से बातचीत की।

### स्वतंत्रता दिवस पर चाय पार्टी और सांस्कृतिक कार्यक्रम रद्द



जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने किश्तवाड़ में बादल फटने के बाद हुई जनहानि के बाद शुक्रवार को स्वतंत्रता दिवस समारोह के दौरान होने वाली एट होम चाय पार्टी और सांस्कृतिक कार्यक्रम रद्द कर दिए हैं।

### सुप्रीम कोर्ट ने आवारा कुत्तों से जुड़े मामले पर फैसला सुरक्षित रखा

## याचिका दायर करने वालों को जिम्मेदारी लेनी होगी, समस्या अधिकारियों की लापरवाही से

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



सुप्रीम कोर्ट ने सड़कों से आवारा कुत्तों को पकड़ने के 11 अगस्त के आदेश पर रोक लगाने की मांग वाली याचिका पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया। इस दौरान कोर्ट ने कहा कि हस्तक्षेप याचिका दायर करने वाले हर व्यक्ति को जिम्मेदारी लेनी होगी। शीर्ष अदालत ने यह भी कहा कि पूरी समस्या स्थानीय अधिकारियों की लापरवाही और निष्क्रियता के कारण है। नियमों का पालन न करने की वजह से समस्या इतनी बढ़ गई है। सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने स्थानीय अधिकारियों से पशु जन्म नियंत्रण नियमों के कार्यान्वयन पर उनका रुख पूछा। कोर्ट ने कहा कि ▶▶ शेष पेज 3 पर

### बिहार में मतदाता सूची पुनरीक्षण का मामला

## ईसी हटाए गए 65 लाख वोटर्स का कारण सहित ब्योरा पेश करे

एजेंसी ▶▶ बिहार



बिहार में मतदाता सूची पुनरीक्षण को लेकर जारी विवाद पर सुनवाई के दौरान चुनाव आयोग ने गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट के सामने अपनी दलीलें रखीं। चुनाव आयोग ने दलीलों की शुरुआत करते हुए कोर्ट से कहा कि उसके पास कुछ निर्णय लेने के लिए पर्याप्त शक्ति है। इस दौरान चुनाव आयोग ने सुप्रीम कोर्ट में जिला स्तर पर मृत, पलायन कर चुके या स्थानांतरित हो चुके मतदाताओं की सूची साझा करने पर सहमति जताई। इसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग से 19 अगस्त तक मतदाता सूची से हटाए गए 65 लाख मतदाताओं की पहचान का खुलासा करने को कहा। कोर्ट ने 22 अगस्त तक अनुपालन रिपोर्ट मांगी।

**22 लाख वोटर मर गए तो लिस्ट देने में क्या परेशानी:** सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि आपने लिस्ट का जो ड्राफ्ट फिलहाल तैयार किया है, उसके अनुसार 22 लाख लोगों की मौत हो गई है। ▶▶ शेष पेज 3 पर







### पेड़ की चपेट में आने से कई वाहन क्षतिग्रस्त

# कालकाजी में बाइक पर पेड़ गिरने से पिता की मौत, बेटी हुई घायल

**हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली**

दक्षिण पूर्वी दिल्ली के कालकाजी इलाके में हुई भारी बारिश के दौरान बृहस्पतिवार सुबह एक विशाल नीम का पेड़ सड़क पर कई वाहनों के ऊपर गिर गया। इस हादसे में बाइक सवार 50 वर्षीय एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि उसकी 22 वर्षीय बेटी के 'पेल्विक फ्रैक्चर' हो गया। घटना पास लगे सीसीटीवी कैमरे में भी कैद हुई है जोकि काफी दिल दहला देने वाली है।

डीसीपी हेमंत तिवारी ने बताया कि सुबह करीब नौ बजकर 50 मिनट पर कालकाजी के पारस चौक के पास एचडीएफसी बैंक के सामने सड़क के किनारे लगा एक पुराना नीम का पेड़ अचानक गिर गया।



सड़क पर पानी भरा हुआ था और वाहन उसमें से गुजर रहे थे। उन्होंने बताया कि मोटरसाइकिल सवार तुगलकाबाद निवासी सुधीर कुमार (50) और उनकी बेटी प्रिया (22) के वहां से गुजरते समय पेड़ गिरा, जिससे वह दोनों इसकी चपेट में आ गए। दोनों घायलों को अस्पताल ले जाया गया, जहां शख्स की मौत हो गई, जबकि बेटी के 'पेल्विक फ्रैक्चर' है। पुलिस के अनुसार, सुधीर पुरानी दिल्ली स्थित डीयूएसआईबी रैन बसेरे में 'केयरटेकर' थे। उनके परिवार में उनकी पत्नी और तीन बच्चे हैं। इस घटना में एक कार भी क्षतिग्रस्त हो गई। हालांकि कार के अंदर मौजूद उसके मालिक को कोई चोट नहीं आई और उन्हें सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। डीसीपी ने बताया कि पेड़ को सड़क से हटाने के लिए 'हाइड्रोलिक क्रेन' बुलाई गई थी। नगर निगम के अधिकारियों ने नुकसान का आकलन करने और भविष्य में इस तरह की घटनाओं को रोकने के मकसद से क्षेत्र में पेड़ों की आवश्यक छंटाई करने के लिए निर्देश कर्मचारियों को दिये गये हैं।

## ऐसे पेड़ों की पहचान की जाए जो लोगों की जान के लिए बन सकते हैं खतरा : सीएम

नई दिल्ली। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कालकाजी क्षेत्र में मूसलाधार बारिश के दौरान एक पेड़ के मोटर साइकिल पर गिरने से एक व्यक्ति की मृत्यु पर शोक व्यक्त किया है। उन्होंने सभी सड़क स्वामित्व वाले विभागों को निर्देश जारी किए हैं कि वे ऐसे पेड़ों की पहचान करें, जो लोगों की जान के लिए खतरा बन सकते हैं। उन्होंने विभागों को यह भी आदेश जारी किया है कि वे नियमानुसार ऐसे पेड़ों की छंटाई, हटाने या प्रत्यारोपण का कार्य करें। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के अनुसार मानसून के मौसम में भारी बारिश व तेज हवाओं के चलते सड़क किनारे या सार्वजनिक स्थलों पर अत्यधिक बड़े, असुरक्षित या जर्जर पेड़ लोगों की सुरक्षा व संपत्ति आदि के लिए गंभीर खतरा पैदा करते हैं। ऐसे पेड़ों की समय रहते छंटाई, देखरेख या स्थानांतरण आवश्यक है। उन्होंने कहा कि पेड़ों का उचित रखरखाव न केवल पेड़ों के गिरने से होने वाली दुर्घटनाओं को रोकेगा बल्कि यातायात को सुचारू रखेगा और बिजली तथा अन्य आवश्यक सेवाओं को होने वाले नुकसान को भी कम करेगा। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट कहा कि दिल्लीवासियों की सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है।

## आतिशी ने सीएम को पत्र लिखकर की पीडब्ल्यूडी मंत्री को पद से हटाने की मांग

नई दिल्ली। दिल्ली विधानसभा में नेता विपक्ष आतिशी ने मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता को गुरुवार को पत्र लिखकर मानसून की तैयारियों में पूरी तरह फेल पीडब्ल्यूडी मंत्री प्रवेश वर्मा को पद से हटाने की मांग की है। गुरुवार को लिखी चिट्ठी में आतिशी ने कहा है कि हंसराज सेठी मार्ग पर बारिश के दौरान पेड़ गिरने से बाइक सवार की मौत कोई प्राकृतिक प्रकोप नहीं है, बल्कि चार इंजन वाली भाजपा सरकार की मानसून से पूर्व तैयारियों में नाकामी का नतीजा है। यह बेहद शर्मनाक है कि भाजपा सरकार के सत्ता में आने के बाद दिल्ली में बारिश के कारण कई लोगों की जान जा चुकी है। आतिशी ने पत्र में कहा है कि अगर मानसून से पहले भाजपा सरकार दूरदर्शिता दिखाती और बारिश से पहले दिल्ली के इंफ्रास्ट्रक्चर पर काम कर लेती तो ये सभी घटनाएं रोकी जा सकती थीं। दिल्ली की सुरक्षा और इंफ्रास्ट्रक्चर को बनाए रखने की जिम्मेदारी पीडब्ल्यूडी मंत्री प्रवेश वर्मा की है और वह इसमें पूरी तरह विफल साबित हुए हैं। इसलिए प्रवेश वर्मा को खुद ही इन मौतों के लिए नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए अपने पद से इस्तीफा दे देना चाहिए।

## भाजपा सरकार मृतक के परिजनों और घायल को दे मुआवजा : यादव

नई दिल्ली। भारी बारिश के बीच कालका जी क्षेत्र में एक पेड़ गिरने के हादसे में एक व्यक्ति की मृत्यु और दो लोग घायल हुए। इस मामले पर दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने जानलेवा घटना के लिए सीधे तौर पर रेखा गुप्ता सरकार को जिम्मेदार ठहराया है। इसके लिए भाजपा सरकार मृतक के परिवारजनों और घायल को उचित मुआवजा दे। यादव ने कहा कि जल भराव के चलते मौत होने का सिलसिला जो आम आदमी पार्टी की सरकार के दौरान शुरु हुआ था। वह वर्तमान में भाजपा की सरकार में भी थमने का नाम नही ले रहा है। गुरूवार कालका जी डबल स्टोरी कॉलोनी, आई ब्लाक के पारस चौक में भारी बारिश के दौरान पेड़ गिरने से एक 50 वर्षीय बाइक सवार की मृत्यु हो गई और उसकी 22 वर्षीय बेटी पेड़ के नीचे दबने से आईसीयू में गंभीर हालत में भर्ती है। इसके अलावा एक और व्यक्ति घायल हुआ है। इस दर्दनाक हादसे के लिए भाजपा की रेखा गुप्ता सरकार और स्थानीय निकाय जिम्मेदार है। हर वर्ष पुराने या कमजोर पेड़ों के गिरने से जान माल का नुकसान होता है। क्योंकि समय पर निरीक्षण, जरुरत के मुताबिक छटाई और देखभाल न होने के कारण ऐसी दुर्घटनाएं बढ़ रही है।

## सीएम ने विभागाध्यक्षों एवं प्रशासनिक सचिवों के बढ़ाए वित्तीय अधिकार

नई दिल्ली। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए सरकार के विभागाध्यक्षों और प्रशासनिक सचिवों के वित्तीय अधिकारों में बढ़ोतरी कर दी है। मुख्यमंत्री का कहना है कि इस निर्णय से सुशासन को तो गति मिलेगी ही साथ ही विभिन्न सरकारी योजनाओं को भी गति मिलेंगी और वह समय पर पूरी भी हो जाएंगी। हमारी सरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विचारों से प्रेरणा लेती है। मुख्यमंत्री के अनुसार प्रशासनिक सचिव अब सभी आईटी संबंधी वस्तुओं की खरीद, मरम्मत, किराए पर लेना और रखरखाव के अलावा उपकरणों आदि की सीधे खरीद कर सकेंगे। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने गुरुवार को बताया कि करीब छह साल बाद अधिकारियों के वित्तीय अधिकारों में बदलाव किया गया है। पिछला बदलाव 7 अगस्त 2019 को किया गया था।

O/o District child Protection Officer
District Child Protection Unit
Women & Child Development Department (Mission Vatsalya)
Mahendergarh at Narnaul

Mail-id- icpsnarnaul@gmail.com Ph. No. 01282-254721

**विज्ञापन**

**कार्यालय जिला बाल संरक्षण अधिकारी, नारनौल।**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 02.08.2025 को बस स्टैण्ड, महेन्द्रगढ़ के पास लगभग 2 वर्ष का एक लड़का मिला है। यदि उपरोक्त बच्चे का कोई संरक्षक/वारिस हो जो इस सूचना को पढ़ रहा हो, निम्न पते पर 2 महिने के अन्दर-अन्दर सुबह 9 से सांयः 5 बजे तक सम्पर्क करें, अन्यथा बच्चे को परित्यक्त मानकर गोद देने हेतु प्रक्रिया आरम्भ कर दी जाएगी।

बाल कल्याण समिति, महेन्द्रगढ़ स्थित नारनौल।
जिला बाल संरक्षण अधिकारी, महेन्द्रगढ़ स्थित नारनौल।
गली न0-1, मोहल्ला शास्त्री नगर
नजदीक स्टार किड्स प्ले स्कूल, महेन्द्रगढ़ रोड़, नारनौल।
फोन न0-01282-254721

**जिला कार्यक्रम अधिकारी**
**महिला एवम बाल विकास**
**महेन्द्रगढ़ स्थित नारनौल।**



पीआरडीएच 1128/11/549/2026/37736/88/7 दि. 14.08.25

## हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि / बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प जीन्द | जीन्द में पुराने लोनिवि विश्राम गृह भवन की विशेष मरम्मत। | बंद होने की तिथि 19.08.2025 | 89.72 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8398098075 pwdeepdjind@gmail.com |
| 2 | लोनिवि भ व प हिसार | रतिया, जिला फतेहबाद में एसडीओ सिविल कॉम्पलैक्स (ज्यूडिशियल ब्लॉक) में लिफ्ट का प्रावधान। | 12.08.2025 20.08.2025 | 15.95 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662225651 pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |
| 3 | लोनिवि भ व प पलवल | पलवल जिले में (हैड 5054-ग्रुप-10 के तहत) कार्य कार्यक्रम 2025-26 के तहत प्रांतीय मंडल, लोनिवि भ व प शाखा, पलवल में होडल निर्वाचन क्षेत्र में विभिन्न 2 अदद रोड को चौड़ा करने / मजबूतीकरण के प्रावधान द्वारा विशेष मरम्मत। दीघोट से नांगल ग्वाई (आईडी 10721) आरडी 0 से 3.60 कि.मी. और दीघोट से सेलोठी (आईडी 12142) आरडी 0.00 से 4.22 कि.मी. पर 80 मिमी आईपीबी (जीएसटी के बिना)। | बंद होने की तिथि 23.08.2025 | 530.26 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466219169 pwd-eepd-palwal@hry.nic.in |
| 4 | लोनिवि भ व प पलवल | पलवल जिले में (हैड 5054-ग्रुप-11 के तहत) कार्य कार्यक्रम 2025-26 के तहत प्रांतीय मंडल, लोनिवि भ व प शाखा, पलवल में होडल निर्वाचन क्षेत्र में विभिन्न 2 अदद रोड को चौड़ा करने / मजबूतीकरण के प्रावधान द्वारा विशेष मरम्मत। डराना से भिदुकी (आईडी 9218) आरडी 0 से 3.50 कि.मी. के निर्माण पर 80 मिमी आईपीबी और गुढराना से बंचारी (आईडी 12146) आरडी 0 से 2.41 कि.मी. पर 80 मिमी आईपीबी (जीएसटी के बिना) + 1 कार्य। | बंद होने की तिथि 21.08.2025 | 656.04 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466219169 pwd-eepd-palwal@hry.nic.in |
| 5 | जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी, मण्डी डबवाली | मूनावाली :- 'बूस्टिंग स्टेशन, यूजीआर 5.49 × 3.66 मी., पीसी 3.66 × 3.05 मी., चारदिवारी, पम्पिंग मशीनरी के निर्माण, जलघर पर सिविल संरचनाओं अर्थात एस/एस टैंक, एफबी, सीडब्ल्यूटी, पीसी चारदिवारी की मरम्मत, टायलेट ब्लॉक, रोड व पथ, वितरण प्रणाली का निर्माण, हाउस कनेक्शन और उससे सम्बद्ध अन्य सभी कार्य हेतु डीएनआईटी', सीएच. हैड :- मूनावाली :- गांव मूनावाली, जिला सिरसा में मौजूदा जलघर संरचनाओं की मरम्मत, वितरण पाइप लाइन बिछाने हेतु आकलन (जन संवाद के दौरान मांग)। | 13.08.2025 04.09.2025 | 120.38 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8730000001 ee.mandidabwali@gmail.com |
| 6 | राज्य परिवहन निदेशालय, हरियाणा | सिटी बस सेवाओं के लिए डीटीआई, मुरथल, सोनीपत, हरियाणा में बस डिपो के विकास हेतु ऑनलाइन निविदा। | 14.08.2025 15.09.2025 | 1237 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1722710371 dtcpndhr@gmail.com |
| 7 | राज्य परिवहन निदेशालय, हरियाणा | सिटी बस सेवाओं के लिए बालदी पार्क, करनाल हरियाणा में बस डिपो के विकास हेतु ऑनलाइन निविदा। | 14.08.2025 15.09.2025 | 1327 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1722710371 dtcpndhr@gmail.com |
| 8 | जिला परिषद पानीपत | साई बाबा मंदिर के पास तालाब के निकट एक पाथवे का निर्माण और बार्ब्ड वायर की स्थापना। | 13.08.2025 19.08.2025 | 26.36 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9467600003 xenzilaparishadpanipat@gmail.com |
| 9 | पंचायती राज कैथल | गांव जाखौली डबदाल ब्लॉक राजौंद में मेन गली से कृष्ण चमार के मकान तक आईपीबी गली का निर्माण + 2 कार्य। | 12.08.2025 18.08.2025 | 56.69 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1746234748 prexeeng.Ktl@hry.nic.in |
| 10 | पंचायती राज करनाल | गांव अलीपुर खालसा में कैमला रोड पर भाठा के निकट अतिरिक्त हॉल का निर्माण, सी.एम. कोड 27544 + 2 कार्य। | 13.08.2025 03.09.2025 | 157.48 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9813805200 prexeeng.krl@hry.nic.in |
| 11 | पंचायती राज करनाल | गांव गोल्ली, ब्लॉक मुनक, जिला करनाल में जीएसएसएस में किचन शैड और 10 कमरों की फ्लोर टाइल का निर्माण, स्कीम डी-प्लान + 2 कार्य। | 13.08.2025 03.09.2025 | 35.71 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9813805200 prexeeng.krl@hry.nic.in |
| 12 | पंचायती राज करनाल | गांव बलेहरा, ब्लॉक घरौंडा, जिला करनाल में पंचायत भवन का निर्माण। | 12.08.2025 02.09.2025 | 37.26 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9813805200 prexeeng.krl@hry.nic.in |
| 13 | पंचायती राज करनाल | गांव उपलाना ब्लॉक असंध जिला करनाल में गौशाला में शैड का निर्माण, स्कीम वीएएनजीवाई + 2 कार्य। | 12.08.2025 28.08.2025 | 42.62 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9813805200 prexeeng.krl@hry.nic.in |
| 14 | पंचायती राज झज्जर | गांव छप्पार, ब्लॉक माछरौली, जिला झज्जर में स्टेडियम का विकास। | 13.08.2025 19.08.2025 | 14.99 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416721433 prexeeng.jjr@hry.nic.in |
| 15 | पंचायती राज पिंजौर | गांव जोहरीवाला जीपी-मंगनीवाला, ब्लॉक पिंजौर, जिला पंचकूला में सामुदायिक केन्द्र का निर्माण। | 13.08.2025 19.08.2025 | 20.08 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466110204 kumar.satish.9417@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in    पीआरडीएच-11/2026/300/37726/I/88/7 दि. 14.08.25





नई दिल्ली

शुक्रवार, 15 अगस्त 2025

भाद्रपद मास कृष्ण पक्ष, सप्तमी वर्ष : 29, अंक : 122

पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 32
न्यून. 24

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

79 वें स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



haribhoomi.com



inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


## खबर संक्षेप

### जेल में बंद दो सांसद भी वोटिंग के पात्र



**नई दिल्ली।** आगामी उपराष्ट्रपति चुनाव में लोकसभा के कम से कम दो सांसद डाक मतपत्र के जरिए वोट डालेंगे। यह चुनाव 9 सितंबर को होगा। केवल वे सांसद जो निरोधात्मक हिरासत में हैं, वे ही डाक मतपत्र से वोट दे सकते हैं। इनमें शेख अब्दुल राशिद (बारामूला)- आतंकी फंडिंग में ट्रायल का सामना कर रहे हैं और तिहाड़ जेल में बंद हैं। जबकि अमृतपाल सिंह (खडूर साहिब)- एनएसए के तहत असम के डिब्रूगढ़ जेल में बंद हैं।

### कन्नड़ अभिनेता दर्शन कोर्ट में सरेंडर करें



**चेन्नई।** कन्नड़ फिल्म इंडस्ट्री के जाने-माने अभिनेता दर्शन थूगुदीपा का नाम सनसनीखेज हत्या मामले में चर्चा में है। जून 2024 में हुए रेनुकास्वामी मर्डर केस ने पूरे कर्नाटक को हिला दिया था, इस केस में दर्शन समेत कई लोगों पर गंभीर आरोप लगे। कर्नाटक हाईकोर्ट ने दिसंबर 2024 में उन्हें जमानत दे दी थी।

## परमाणु युद्ध की धमकी के बीच भारत की पाकिस्तान को खरी-खरी...

# अगर कोई दुस्साहस करने की कोशिश की तो परिणाम दर्दनाक होगा: जायसवाल

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

पाकिस्तान के सेनाप्रमुख से लेकर प्रधानमंत्री द्वारा हालिया समय में दी गई परमाणु युद्ध की धमकी के बीच गुरुवार को भारत ने बेहद सख्त अंदाज में सीमापार बैठे दुश्मन को उसकी हद बता दी है। गुरुवार को एक मीडिया ब्रीफिंग में पूछे गए सवाल के जवाब में विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि भारत, पाकिस्तान को यह सलाह देता है कि वो अपनी बयानबाजी में संयम बरते।

क्योंकि अगर उसने भारत के खिलाफ किसी प्रकार का कोई दुस्साहस करने की कोशिश की तो उसे उसका दर्दनाक परिणाम भुगतना पड़ेगा। जैसा कि हाल ही में (ऑपरेशन सिंदूर के दौरान) देखने को मिला था। अपनी नाकामियों को छिपाने के लिए बार-बार भारत विरोधी बयानबाजी को हवा देना पाकिस्तानी नेतृत्व का जाना पहचाना तरीका है। जिससे हम भली भांति परिचित हैं। हमने भारत के खिलाफ पाक की निरंतर लापरवाही भरी, युद्ध भड़काने वाली और नफरती बयानों से जुड़ी हुई रिपोर्ट देखी हैं।

### आईडब्ल्यूटी पर न्यायालय का फैसला नामंजूर

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने गुरुवार को मीडिया ब्रीफिंग में यह जानकारी दी



*उन्होंने सिंधु जल समझौते (आईडब्ल्यूटी) पर मध्यस्थता न्यायालय के फैसले पर कहा, भारत ने इस तथाकथित न्यायालय की वैधता, औचित्य या क्षमता को कभी स्वीकार नहीं किया है। इसलिए इसकी घोषणाएं कानूनी स्थिति से रहित, अधिकार क्षेत्र से बाहर हैं। ये भारत के जल उपयोग के अधिकारों पर कोई प्रभाव नहीं डालती हैं। भारत उक्त फैसले के लिए पाक के चुनिंदा व भ्रामक संदर्भों को भी साफ तौर पर खारिज करता है। हमने इस संबंध में 27 जून को एक बयान जारी कर भी अपनी स्थिति स्पष्ट की थी। रणधीर ने कहा कि आईडब्ल्यूटी को स्थगित करने का निर्णय पाकिस्तान द्वारा 22 अप्रैल को किए गए बर्बरतापूर्ण पहलगाम आतंकी हमले और उसके साथ ही लगातार जारी सीमापार आतंकवाद के जवाब में लिया गया है। जो कि भारत सरकार का एक संप्रभु निर्णय है।*

### ये हैं पाक के जहरीले बयान

*गौरतलब है कि बीते दिनों पाकिस्तान के सेनाप्रमुख जनरल आसिम मुनीर ने अपनी अमेरिका यात्रा के दौरान भारत को परमाणु युद्ध की धमकी देते हुए कहा था कि हम एक परमाणु शक्ति संपन्न देश हैं। अगर भविष्य में भारत के साथ संघर्ष में हमारे अस्तित्व पर कोई खतरा आया, हम लगा कि हम डूब रहे हैं तो हम आधी दुनिया को अपने साथ लेकर डूबेंगे। मुनीर ने ये भी कहा, अगर भारत ने सिंधु नदी पर बांध बनाने की कोशिश की तो पाकिस्तान उसे अपनी 10 मिसाइलें मारकर नष्ट कर देगा। यह नदी भारत की पारिवारिक संपत्ति नहीं है और न ही पाक के पास मिसाइलों की कोई कमी है। उधर, पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने मुनीर की धमकी को एक तरह से दोहराते हुए कहा कि हम भारत को अपने हिस्से का एक बूंद पानी भी नहीं छीनने देंगे। अगर उसने ऐसा कुछ किया तो हम उसे ऐसा सबक सिखाएंगे कि वो अपने कान पकड़ लेगा। इसके साथ ही पाक के पूर्व विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो जरदारी ने भी भारत को आईडब्ल्यूटी के मामले पर धमकी दी थी।*

## एलएसी विवाद से उपजे तनाव के पांच साल बाद दोनों देशों ने इस दिशा में शुरू की कवायद

# भारत-चीन के बीच पहाड़ी सीमाई मार्गों से फिर से शुरू होगा व्यापार: जायसवाल

**नई दिल्ली(ब्यूरो)।** पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर हुए सैन्य विवाद के करीब पांच साल बाद भारत और चीन ने पहाड़ी सीमाई इलाकों से व्यापार की फिर से शुरुआत करने का निर्णय लिया है। इस बाबत दोनों देशों के बीच बातचीत जारी है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने गुरुवार को मीडिया ब्रीफिंग में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि भारत और चीन नामित पहाड़ी सीमा व्यापार वाले इलाकों जैसे उत्तराखंड में लिपुलेख दर्रे, हिमाचल प्रदेश में शिपकी ला और सिक्किम में नाथुला दर्रे से पुनः व्यापार की शुरुआत करने के लिए एकजुटता से काम कर रहे हैं। मामले पर हमारी बातचीत चल रही है। चीन के विदेश मंत्री वांग यी की आगामी भारत यात्रा को लेकर रणधीर ने कहा कि सही समय पर मंत्रालय इसकी घोषणा करेगा।

### 18 अगस्त को होगा वांग यी का दौरा

*विभिन्न स्रोतों से प्राप्त जानकारी के मुताबिक, दोनों देशों के बीच सीमा संबंधी मामलों पर चर्चा के लिए स्थापित तंत्र का हिस्सा यानी विशेष प्रतिनिधियों के स्तर की वार्ता (एसआर) के लिए चीन के विदेश मंत्री वांग यी 18 अगस्त को भारत की यात्रा करेंगे। यहां उनकी भारतीय एनएसए अजीत डोभाल के साथ बैठक होगी। जिसमें संभवतः दोनों देशों के सीमा संबंधी मामले पर चर्चा की जाएगी। वांग यी की यह भारत यात्रा इसलिए भी खास होगी। क्योंकि 2020 में एलएसी विवाद के दौरान हुई गलवान की खूनी हिंसक झड़प के बाद यह पहला मौका होगा। जब वह प्रत्यक्ष रूप से भारत की यात्रा करेंगे। वहीं, दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों को सामान्य बनाने की दिशा में कई और निर्णय लिए जा चुके हैं। जिनमें कैलाश मानसरोवर यात्रा की शुरुआत, सीधी उड़ान सेवाओं को बहाल करने के साथ ही पर्यटक वीजा की बहाली मुख्य हैं।*

### गाजा पर साफ की स्थिति

*उन्होंने इजरायल-हमास संघर्ष को लेकर एक्स पर हुई एक हालिया नोंकझोंक के बीच भारत की स्थिति साफ की और कहा, इस संघर्ष पर हमारी स्थिति स्पष्ट और सुसंगत है। जिसमें फिलहाल कोई बदलाव नहीं आया है। भारत युद्धविराम, बिना किसी शर्त के सभी बंधकों की रिहाई, गाजा के लोगों को मानवीय सहायता की लगातार आपूर्ति के साथ ही द्वि-राष्ट्र समाधान के पक्ष में है। उन्होंने बताया कि विदेश मंत्री एस.जयशंकर मास्को में आयोजित की जाने वाली व्यापार, आर्थिक, तनीकी और सांस्कृतिक सहयोग पर भारत-रूस अंतर सरकारी आयोग की 26वीं बैठक में भाग लेने के लिए रूस की यात्रा करेंगे। यह दौरा इस महीने के अंत में होने की संभावना है। आयरलैंड में भारतीयों पर बढ़ती हिंसा की घटनाओं से जुड़ी रिपोर्ट को देखने का दावा जायसवाल ने ब्रीफिंग में किया और कहा कि हमने वहां के अधिकारियों और यहां आयरलैंड के दूतावास के समक्ष इस मामले को उठाया है। डबलिन में भारतीय दूतावास पीड़ितों और भारतीय समुदाय के संपर्क में है। हमने भारतीयों के लिए परामर्श भी जारी किया है।*





## आज़ादी की 79वीं वर्षगांठ पर स्वदेशी से आत्मनिर्भर भारत के निर्माण का संकल्प लें

**आर्थिक आज़ादी** ऑक्सफैम ग्लोबल यू.के. एवं अन्य स्रोतों के सर्वे के अनुसार, 1765 से 1900 के बीच विदेशी कंपनियों और आक्रांताओं ने भारत से 100 ट्रिलियन डॉलर से अधिक की लूट की। आज भी हर साल विदेशी कंपनियाँ व्यापार के नाम पर देश से हजारों-लाखों करोड़ रुपए विदेश ले जाती हैं। स्वामी जी स्वदेशी के माध्यम से इस लूट को रोकने और भारत को आर्थिक महाशक्ति की ओर ले जाने के लिए संकल्पित हैं। अर्थ से परमार्थ (Prosperity for Charity): पतंजलि ने 100% लाभ भारत माता की सेवा में लगाया है, लगा रहे हैं और आगे भी लगाएंगे। आज स्वतंत्रता दिवस पर 100% स्वदेशी को अपनाने का व्रत लेकर शहीदों के सपनों का भारत बनाएं।

**शिक्षा की आज़ादी** 1835 में मैकाले द्वारा स्थापित गुलामी की शिक्षा व्यवस्था को तोड़ें। भारतीय शिक्षा बोर्ड से अपने विद्यालयों को जोड़ें (Affiliate करें)। अपने बच्चों को BSB से सम्बद्ध विद्यालयों में ही पढ़ाने का व्रत लेकर दिव्य व्यक्तित्व, नेतृत्व व चरित्र से युक्त युवा पीढ़ी के निर्माण के लिए सब साथ आएं, शिक्षा की गुलामी से भारत माता को आज़ादी दिलाएं।

**चिकित्सा की आज़ादी** ड्रग माफिया व मेडिकल माफिया का षड्यंत्र नाक़ामयाब हुआ है, अन्ततः सत्य की विजय हुई। बीमारियों को मेन्टेन करने के लिए सिंथेटिक दवाइयों को बायकॉट कीजिए। योग, आयुर्वेद से बीमारियों को जड़ से मिटाने के लिए देश भर में फैले 10 हजार से अधिक पतंजलि सेन्टर्स में चिकित्सा का लाभ लीजिए। पतंजलि की रीसर्च एवं एविडेंस बेस्ड मेडिसिन्स को अपनाइए। नि:शुल्क चिकित्सा परामर्श के लिए सम्पर्क कीजिए: **1800 296 1111**

श्रेष्ठतम् इंटीग्रेटेड ट्रीटमेन्ट के लिए पतंजलि वेलनेस, योगग्राम, निरामयम में आइए। बुकिंग के लिए सम्पर्क करें: **8954666111, 8954666222** (प्रात: 6 बजे से रात्रि 10 बजे तक)

**वैचारिक व सांस्कृतिक आज़ादी** सनातन धर्म के शाश्वत मूल्यों, आदर्शों व सिद्धान्तों को जन-जन की जीवनशैली बनाकर सनातन धर्म को युग धर्म के रूप में स्थापित करने के लिए पतंजलि संस्था व संगठन से जुड़ें। योगगुरू स्वामी रामदेव जी को प्रतिदिन प्रात: 5:00 से 7:30 व रात्रि 8:00 बजे आस्था LIVE चैनल व रोज सुबह 7:56 बजे INDIA TV चैनल एवं रात्रि 9:00 बजे संस्कार THE CHANNEL OF INDIA पर देखें।



**डेंटल केयर** देश का नं. 1 टूथपेस्ट व फ्रेशनेस का नया अवतार दन्त कान्ति फ्रेश एक्टिव जैल।



**हेयर केयर** जड़ी-बूटियों की ताक़त से प्राकृतिक पोषण देकर हेयर फॉल व डैंड्रफ आदि से मुक्ति दिलाए।



**पर्सनल केयर** एलोवेरा, हल्दी, गुलाब आदि के गुणों से त्वचा में पाएं प्राकृतिक निखार।



**फूड प्रोडक्ट्स** देश का नं. 1 काउ मिल्क बिस्किट, हेल्दी कुकीज़ व नूडल्स, मैदा व ट्रांस फैट रहित। देश का नं. 1 गाय का घी, सरसों तेल व राइस ब्रान ऑयल आदि हेल्दी प्रोडक्ट्स।



**हेल्थ केयर** पतंजलि की किसी दवा पर कोई प्रतिबन्ध नहीं है। हमारी सभी औषधियां पतंजलि केन्द्रों व मुख्य स्टोर्स पर उपलब्ध हैं।



**होम केयर** हानिकारक केमिकल से बने उत्पादों का बहिष्कार करें। पतंजलि के स्वदेशी व सात्विक उत्पादों को अपनाकर देश सेवा में योगदान दें।


Government of National Capital Territory of Delhi
राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार
79वें स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएँ
Digital India
MAKE IN INDIA
इनोवेशन से नेशन
डिजिटल इंडिया।
बस एक टैप और पेमेंट डन
UPI
हम भारत में बनाते हैं भविष्य
मेक इन इंडिया
तेज़ रफ़्तार, नया सफ़र
वंदे भारत।
ऊँचाई जीती, दूरी मिटाई
चिनाब ब्रिज
चाँद पर लहराया तिरंगा
चंद्रयान
दुश्मन के लिए डर, भारत के लिए गर्व
ब्रह्मोस
जहाँ जान से पहले ज़िम्मेदारी
ऑपरेशन सिन्दूर
दिल्ली-NCR में सबसे बड़ा मेट्रो नेटवर्क
395 KM
भारत तय कर रहा दुनिया की दिशा
तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर
विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र का मंदिर
नया संसद भवन
विश्व नेतृत्व का गौरव
G20 अध्यक्षता
ये सब संभव हुआ है
क्योंकि हमारा देश आज स्वतंत्र है।
QR कोड स्कैन करे
आज़ादी का जश्न-बदलती दिल्ली की कहानी
देखें सुनें मुख्यमंत्री श्रीमती रेखा गुप्ता जी का
दिल्लीवासियों के नाम संदेश
DIP/Shabdarth/Display/040/25-26

नड्डा ने वाइब्रेंट विलेज कार्यक्रम के पहले चरण के अंतर्गत गांवों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की

# हाल के वर्षों में सीमावर्ती गांवों को देश का अंतिम गांव मानने की धारणा बदली है: केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने बृहस्पतिवार को यहां वाइब्रेंट विलेज कार्यक्रम के पहले चरण में शामिल पांच राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों (हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, अरुणाचल प्रदेश, सिक्किम और लद्दाख) के गांवों के प्रतिनिधियों के साथ एक शिष्टाचार बैठक की अध्यक्षता की। इस अवसर पर उनके साथ केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव श्रीमती पुण्य सलिला श्रीवास्तव और सीमा प्रबंधन सचिव राजेन्द्र कुमार भी उपस्थित थे। गृह मंत्रालय द्वारा उत्तरी सीमा से सटे ब्लॉकों में सामरिक महत्व के चिन्हित गांवों के लिए मिशन मोड में वीवीपी कार्यक्रम शुरू किया गया जिससे चिन्हित सीमावर्ती गांवों के लोगों की जीवन गुणवत्ता में सुधार लाया जा सके।

## नड्डा ने कहा-गांवों के विकास को आगे बढ़ाया जाए




इस अवसर पर अपने संबोधन में नड्डा ने कहा कि हाल के वर्षों में सीमावर्ती गांवों को देश का अंतिम गांव मानने की धारणा बदली है, उन्हें अब राष्ट्र के पहले गांवों के रूप में मान्यता देने का नया दृष्टिकोण अपनाया गया है और उन्हें जीवंत केंद्रों के रूप में विकसित किया जा रहा है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने आगे कहा कि कार्यक्रम के पहले चरण में 662 सीमावर्ती गांवों की पहचान की गई है। उन्होंने यह भी कहा कि केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने इन क्षेत्रों में प्रत्येक 1000-1500 लोगों के लिए कम से कम एक आयुष्मान आरोग्य मंदिर स्थापित करने की कोशिश की गयी है, जिसे सभी के लिए स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच सुनिश्चित करने के लिए मोबाइल चिकित्सा इकाइयों से समर्थन प्राप्त है। पांच राज्यों के गांव प्रतिनिधियों ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर दिल्ली आमंत्रित किए जाने और उनके गांवों के विकास को आगे बढ़ाने के लिए केंद्र सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने योजना के अंतर्गत सड़क संपर्क और स्वास्थ्य सेवाओं में महत्वपूर्ण सुधारों का उल्लेख किया और सरकार से अनुरोध किया कि इस पहल का विस्तार उन अतिरिक्त गांवों के लिए किया जाए जो प्रथम चरण में शामिल नहीं हैं।

## वाइब्रेंट विलेज कार्यक्रम पर एक नजर

वाइब्रेंट विलेज कार्यक्रम में पर्यटन एवं सांस्कृतिक विरासत को बढ़ावा देने, कौशल विकास एवं उद्यमिता तथा कृषि/बागवानी, औषधीय पौधों/जड़ी-बूटियों की खेती सहित सहकारी समितियों के विकास के माध्यम से आजीविका सृजन के अवसरों का निर्माण करने के लिए चुनिंदा गांवों में मध्यवर्तन के लिए केंद्रित क्षेत्रों की परिकल्पना की गई है। मध्यवर्तनों में असंबद्ध गांवों को सड़क संपर्क प्रदान करना, आवास और ग्रामीण अवसंरचना, नवीकरणीय ऊर्जा सहित ऊर्जा, टेलीविजन और दूरसंचार संपर्क भी शामिल हैं। कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को चयनित गांवों में रहने के लिए प्रोत्साहित करना है। प्रथम चरण में, वीवीपी कार्यक्रम 4 राज्यों और 1 केंद्र शासित प्रदेश अर्थात हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, अरुणाचल प्रदेश, सिक्किम और लद्दाख के सीमावर्ती क्षेत्रों में कार्यान्वित किया जा रहा है। कुल मिलाकर, वीवीपी कार्यक्रम में इन राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के 19 जिलों, 46 ब्लॉकों और 662 गांवों को शामिल किया गया है।

कांग्रेस के सवाल- राहुल को शपथ पत्र भरने का नोटिस तो अनुराग ठाकुर को क्यों नहीं?

# भाजपा ने भी उठाये सवाल तो कांग्रेस का नया बवाल: वाराणसी सीट के इलेक्ट्रॉनिक रिकॉर्ड सार्वजनिक करे चुनाव आयोग

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भाजपा नेता पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने जैसे ही गांधी परिवार के क्षेत्र में फर्जी वोट होने का दावा किया कांग्रेस ने लपक लिया। कांग्रेस के प्रवक्ता पवन खेड़ा ने चुनाव आयोग के सामने नया बवाल खड़ा कर दिया। उन्होंने कहा जब पक्ष और विपक्ष दोनों फ़र्ज़ी वोट पर सवाल खड़े कर रहा है तो चुनाव आयोग को सामने आकर सवालों का सामना करना चाहिए। पवन खेड़ा ने अब वाराणसी सीट का इलेक्ट्रॉनिक रिकॉर्ड सार्वजनिक करने की मांग की है।

कांग्रेस कार्यालय में पत्रकार वार्ता में पार्टी के मीडिया एवं पब्लिसिटी विभाग के चेयरमैन पवन खेड़ा ने भाजपा नेता अनुराग ठाकुर द्वारा फर्जी वोटरों को लेकर किए गए खुलासे का हवाला देते हुए कहा कि इससे भाजपा और चुनाव आयोग के बीच सांठगांठ उजागर हो गई है। साथ ही यह भी साबित हो गया है कि लोकसभा चुनाव फर्जी वोटर लिस्ट के आधार पर हुआ था।

खेड़ा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सीट पर भी धांधली हुई थी। मतगणना के दिन आधे समय तक नरेंद्र मोदी वाराणसी से हार रहे थे, लेकिन उन्हें फर्जी वोटरों का एक बूस्टर डोज मिला और वे जीत गए। उन्होंने कहा कि अगर कांग्रेस को वाराणसी की इलेक्ट्रॉनिक वोटर लिस्ट मिल जाए तो यह साबित हो जाएगा कि प्रधानमंत्री "चोरी की कुर्सी" पर बैठे हैं। कांग्रेस नेता ने राहुल गांधी की 07 अगस्त की पत्रकार वार्ता का जिक्र करते हुए कहा कि उस दिन भारतीय राजनीति में भूचाल आ गया था। इससे भाजपा छह दिन तक सदमे में रही और फिर अनुराग ठाकुर को पत्रकार वार्ता के लिए भेजा गया। जिसमें अनुराग ठाकुर ने रायबरेली, अमेठी, डायमंड हार्बर, कन्नौज सहित छह लोकसभा क्षेत्रों में फर्जी वोटरों का दावा किया। खेड़ा ने कहा कि इससे चुनाव आयोग की भूमिका और भी संगीन हो गई है। ठाकुर ने लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी द्वारा एक हफ्ते पहले किए गए खुलासों को सही साबित कर दिया है। उन्होंने कहा कि अब केवल विपक्ष ही नहीं, बल्कि पूरा देश 'वोट चोर, गद्दी छोड़' का नारा लगा रहा है। खेड़ा ने कहा कि चुनाव आयोग द्वारा इलेक्ट्रॉनिक वोटर लिस्ट नहीं देने के कारण कांग्रेस को एक विधानसभा क्षेत्र महादेवपुरा के आंकड़े जुटाने में छह महीने लगे। वहीं अनुराग ठाकुर को छह लोकसभा क्षेत्रों के आंकड़े सिर्फ छह दिन में मिल गए। उन्होंने कहा, यह दर्शाता है कि चुनाव आयोग के पास इलेक्ट्रॉनिक वोटर लिस्ट है, लेकिन वह विपक्ष को नहीं, सिर्फ भाजपा को दी जाती है। उन्होंने अनुराग ठाकुर द्वारा पेश किए गए आंकड़ों को आपराधिक सबूत बताया और मांग की कि वे सबूत कांग्रेस को भी आधिकारिक रूप से सौंपे जाएं। खेड़ा ने सांसद प्रियंका गांधी वाद्रा की वायनाड सीट का उदाहरण देते हुए कहा कि अनुराग ठाकुर ने वहां 93 हजार फर्जी वोट होने का दावा किया, जबकि प्रियंका 4 लाख दस हजार वोटों से जीती हैं। उन्होंने कहा कि अगर ये फर्जी वोट नहीं होते तो प्रियंका गांधी 5 लाख वोटों से जीत दर्ज करतीं। इसी तरह खेड़ा ने रायबरेली सीट का भी उल्लेख किया और कहा कि फर्जी वोट नहीं होते तो राहुल गांधी की जीत का अंतर और अधिक होता। पवन खेड़ा ने कहा कि चुनाव आयोग ने राहुल गांधी की प्रेस वार्ता के दौरान ही उन्हें नोटिस जारी कर, खुलासे के बारे में हलफनामा दाखिल करने को कहा। लेकिन ठाकुर को इसी तरह का खुलासा करने के 24 घंटे के बाद भी कोई नोटिस नहीं दिया गया। खेड़ा ने यह भी पूछा कि जब दोनों पक्ष चुनाव आयोग पर सवाल उठा रहे हैं तो मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार कहां छुपे हुए हैं?

## जैकेट एक का शेष

### 100 से ज्यादा आतंकी मार...

अवैध कब्जे वाले कश्मीर में मौजूद कुल 9 आतंकवादी कैंपों में छिपे बैठे लश्कर और जैश-ए- मोहम्मद के 100 से अधिक आतंकियों को मार गिरा। इससे बौखलाए पाक ने भारत की पश्चिमी सीमा पर बड़े पैमाने पर ड्रोन, मिसाइलों से हमला बोला था। जिसे भारत ने अपने स्वदेशी हथियारों जैसे ब्रह्मोस, आकाश मिसाइल सिस्टम और एस-400 सहित अन्य अस्त्र-शस्त्रों की मदद से पूरी तरह से नाकाम कर दिया था। साथ ही भारत ने पाक में घुसकर उसके कई प्रमुख सैन्य ठिकानों को भारी नुकसान पहुंचाया। जिससे थक हारकर पाक ने 10 मई को भारत के साथ संघर्षविराम करने में ही अपनी खेर समझी। जो आज भी लागू है। जबकि भारत का ऑपरेशन सिंदूर अभी पूरी तरह से समाप्त नहीं हुआ है। इस पर अस्थायी विराम लगा हुआ है। साथ ही आतंकवाद के खिलाफ नई सोच के साथ भारत की जीरो टॉलरेंस की नीति जस की तस बरकरार है।

### राष्ट्रगान बजाने वाले बैंड...

की टुकड़ी की कमान मेजर प्रकाश सिंह, नौसेना की टुकड़ी की कमान लेफ्टिनेंट कमांडर मोहम्मद परवेज और वायु सेना की टुकड़ी की कमान स्क्वाड्रन लीडर वीवी शरवन संभालेंगे। दिल्ली पुलिस की टुकड़ी की कमान एडिशनल डीसीपी अभिमन्यु पोसवाल संभालेंगे। जूनियर वारंट ऑफिसर एम डेका बैंड का संचालन करेंगे। फूलों की सजावट भी ऑपरेशन सिंदूर की थीम पर इस साल स्वतंत्रता दिवस समारोह के दौरान ऑपरेशन सिंदूर की सफलता का जश्न मनाया जाएगा। ज्ञानपथ पर व्यू कटर पर ऑपरेशन सिंदूर का लोगो होगा। फूलों की सजावट भी ऑपरेशन पर आधारित होगी। निमंत्रण पत्रों पर ऑपरेशन सिंदूर का लोगो भी होगा। निमंत्रण पत्रों पर चिनाब पुल का वॉटरमार्क भी होगा, जो 'नया भारत' के उदय को दर्शाता है। फूलों की पंखुड़ियों की वर्षा के बाद, प्रधानमंत्री राष्ट्र को संबोधित करेंगे। भाषण के समापन पर, राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) के कैडेट और 'मेरा भारत' स्वयंसेवक राष्ट्रगान गाएंगे।

## जैकेट दो का शेष

### याचिका दायर करने वाले...

पूरी समस्या नियमों के कार्यान्वयन में अधिकारियों की निष्क्रियता के कारण है। नियम और कानून संसद की ओर से बनाए जाते हैं, लेकिन उनका पालन नहीं किया जाता। स्थानीय अधिकारी वह नहीं कर रहे हैं, जो उन्हें करना चाहिए। एक ओर इंसान पीड़ित हैं, तो दूसरी ओर जानवर भी पीड़ित हैं और पशु प्रेमी यहां मौजूद हैं।

### ईसी हटाए गए 65 लाख...

यदि ऐसा है तो फिर उन लोगों की लिस्ट जारी करने में क्या परेशानी है। अदालत ने कहा कि यदि आप लिस्ट जारी कर देंगे तो फिर राजनीतिक दलों की ओर से जो नैरेटिव आपके इस अभियान को लेकर चलाया जा रहा है, वह ध्वस्त हो जाएगा। जस्टिस सूर्यकांत ने चुनाव आयोग से कहा कि यदि 22 लाख लोग मृत पाए गए हैं तो फिर इसकी जानकारी बूथ लेवल पर क्यों नहीं दी गई?

# "बिहार वोट पुनरीक्षण मामले में सुप्रीम कोर्ट का फैसला लोकतंत्र की बड़ी जीत: केसी वेणुगोपाल"

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

बिहार में मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण मामले पर सुप्रीम कोर्ट के हालिया आदेश को लेकर कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने न केवल लोकतंत्र की जीत बताया, बल्कि उन ताक़तों के लिए कड़ा संदेश करार दिया जो कथित "वोट चोरी" के माध्यम से चुनावी प्रक्रिया को कथित रूप से विकृत करना चाहते थे। वेणुगोपाल ने कहा कि वे इस मामले में याचिकाकर्ता के रूप में शामिल थे और सुप्रीम कोर्ट का यह स्पष्ट आदेश कि मशीन-पठनीय, सॉफ्ट कॉपी के रूप में मतदाता सूची उपलब्ध कराई जाए, कांग्रेस पार्टी के रुख को मजबूती देता है। उन्होंने कहा कि यह मांग राहुल गांधी द्वारा प्रेस वार्ता में प्रमुखता से उठाई गई थी।

## 65 लाख काटे जाने वाले मतदाताओं की सूची जारी करने के आदेश



सुप्रीम कोर्ट द्वारा चुनाव आयोग को निर्देश दिया गया है कि वह बिहार में हटाए गए 65 लाख मतदाताओं के नाम और नाम कटने के कारणों की सार्वजनिक घोषणा शीघ्र करे। इस पर वेणुगोपाल ने कहा, "यह आदेश न केवल पारदर्शिता को मजबूती देता है, बल्कि जनता के भरोसे को पुनः स्थापित करने में निर्णायक साबित होगा।" उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग को मतदाता सूची से नाम हटाने की प्रक्रिया में पूर्ण निष्पक्षता और जवाबदेही बरतनी चाहिए थी, जो दुर्भाग्यवश इस मामले में नहीं हुआ।

### आधार कार्ड को नकारना ग़रीबों के साथ अन्याय

केसी वेणुगोपाल ने सुप्रीम कोर्ट के उस निर्देश का भी स्वागत किया जिसमें चुनाव आयोग द्वारा आधार को मान्य दस्तावेज़ के रूप में न माने जाने के निर्णय को खारिज किया गया। उन्होंने कहा,"बिहार जैसे राज्य में आधार कार्ड ही सबसे आम और गरीब तबके के लिए सुलभ पहचान पत्र है। ऐसे में इसे अस्वीकार करना सीधे तौर पर दलितों, पिछड़ों और गरीबों के मताधिकार पर हमला था।"

### प्रक्रिया के ख़िलाफ़ जारी रहेगा संघर्ष

कांग्रेस नेता ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट का यह निर्णय इस "दमनकारी और विध्वंसक प्रक्रिया" के ख़िलाफ़ लड़ाई का केवल पहला कदम है।"हमारा संघर्ष अभी समाप्त नहीं हुआ है। हम चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली में मौजूद खामियों, पक्षपातपूर्ण रवैये और मतदाता हेराफेरी के षड्यंत्र को उजागर करते रहेंगे।" वेणुगोपाल ने स्पष्ट किया कि कांग्रेस, विशेषकर राहुल गांधी के नेतृत्व में, मतदाता अधिकारों की रक्षा और निष्पक्ष चुनाव प्रणाली को सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

**ये है मामला**

*बिहार में चुनाव आयोग द्वारा शुरू की गई विशेष मतदाता पुनरीक्षण प्रक्रिया के तहत मतदाता सूची का पुनरीक्षण किया गया था, जिसमें लगभग 65 लाख मतदाताओं के नाम हटाए जाने की रिपोर्ट सामने आई। इस पर विपक्ष ने आरोप लगाया कि यह राजनीतिक लाभ के लिए की गई सोची-समझी रणनीति है, जिससे कमजोर वर्गों का वोट बैंक निशाने पर आया। सुप्रीम कोर्ट में इस प्रक्रिया को चुनौती दी गई थी, जिसमें अदालत ने कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए जिनमे हटाए गए नामों की सार्वजनिक सूची जारी करने के निर्देश के साथ आधार, चुनाव पहचान पत्र , राशन कार्ड जैसे दस्तावेज़ मान्य पहचान के रूप में स्वीकार करने का स्पष्ट आदेश दिया गया। सुप्रीम कोर्ट ने कहा, पहचान दस्तावेजों की सूची अधिक समावेशी बने और ये सुनिश्चित किया जाए की मतदाता सूची मशीन-पठनीय रूप में सार्वजनिक हो।*

# अखिलेश को 30 साल से पीड़ितों के आंसू नहीं दिखे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ लखनऊ

यूपी विधानसभा के मॉनसून सत्र में आयोजित विजन-2047 पर लगातार 24 घंटे की चर्चा में शामिल बागी विधायक पूजा पाल ने सीएम योगी की जमकर तारीफ की। जिसके सपा चीफ अखिलेश यादव ने उन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। अब इस पर पूजा पाल ने प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा है कि अखिलेश यादव को 30 साल से पीड़ितों के आंसू नहीं दिखे, जब माफिया के बच्चे मर रहे हैं तो दिख रहा है। विधानसभा सत्र की कार्यवाही से बाहर निकली विधायक पूजा पाल से इस्तीफे की



जानकारी के बारे में पूछने पर कहा कि सदन में बैठी थी तब लेटर आया। उन्होंने कहा कि उनका निष्कासन अभी तक तो अखिलेश ने नहीं किया लेकिन कल बोलने के बाद किया है। उन्होंने कहा कि जो चीजे हैं, उसे स्वीकार करना पड़ेगा। उन्होंने कहा, "हम जमीन से जुड़े लोग हैं। जनता हमे पसंद करेंगी तो हम जनता के लिए आगे भी काम करेंगे। अखिलेश को निष्कासन से पूर्व बात करनी चाहिए। हमने कौन सा समाजवादी पार्टी की बात कह दी।

# यूपी से फिलिस्तीनी मुसलमानों की मदद पुलिस की रडार पर सहारनपुर का एनजीओ



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सहारनपुर

फिलस्तीन के मुसलमानों की यूपी से मदद का मामला सामने आया है। यह सब एक एनजीओ बनाकर हो रहा है। इसकी गोपनीय शिकायत के बाद सहारनपुर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। एनजीओ से चार से पांच युवक जुड़े हैं। इसके साथ ही इनमें से दो युवकों ने फेसबुक पर पेज भी बना रखे हैं, जिसके जरिए वह लोगों से संपर्क कर विदेशी फंडिंग के कोशिश करते हैं। इस एनजीओ से अन्य कई लोगों के जुड़े होने की भी संभावना जताई गई है। पुलिस हर बिंदु पर मामले की जांच में जुटी है। कोतवाली देवबंद क्षेत्र के रहने वाले व्यक्ति ने एसएसपी को गोपनीय पत्र भेजकर इस मामले की शिकायत की थी। शिकायतकर्ता ने पुलिस को बताया था कि मेरठ और हापुड़ के धौलाना क्षेत्र के कुछ युवक एक एनजीओ चला रहे हैं, जिसकी आड़ में दंगा भड़काने के मकसद से विदेशों से सदस्यों के खातों में रकम मंगाई जा रही है। युवक एनजीओ से जुड़ा होने के साथ ही सहारनपुर में मेडिकल की पढ़ाई भी कर रहा है। पत्र में फिलस्तीन के समर्थन में रुपए देकर मुस्लिमों की भीड़ जमा किए जाने का भी जिक्र किया गया है। इसके अलावा बंगाल के रास्ते हवाला के माध्यम से नकद धनराशि मंगाए जाने का भी जानकारी दी गई है।






## फरीदाबाद में आयोजित हुआ विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस

# सामाजिक एकता के सूत्र जब टूटते हैं तो देश भी टूट जाया करते हैं: सीएम सैनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद



हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने गुरुवार को फरीदाबाद में विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के अवसर पर आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में 1947 के भारत विभाजन की भीषण त्रासदी का स्मरण करते हुए लाखों विस्थापित परिवारों की पीड़ा और संघर्ष को नमन किया। इस मौके पर उन्होंने घोषणा करते हुए कहा कि विभाजन से संबंधित साहित्य एवं दस्तावेजों की प्रदर्शनी लगाई जाएगी ताकि लोगों को विभाजन के बारे में जानकारी मिल सके। साथ ही विभाजन विभीषिका के विषय को स्कूली पाठ्यक्रम में शामिल किया जाएगा, ताकि हमारे पूर्वजों ने जो अत्याचार सहे उनकी जानकारी आने वाली पीढ़ियों को मिल सके। इसके अलावा मुख्यमंत्री ने कहा कि सामाजिक परंपराओं के कारण बेटियों की शादी के बाद उनका नाम बदल दिया जाता है और दस्तावेजों में नाम बदलने के कारण दिक्कतें आती हैं, इसके लिए हरियाणा सरकार द्वारा नाम में संशोधन करने के लिए एक विशेष प्रावधान किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर कुरुक्षेत्र में विभाजन विभीषिका स्मृति स्मारक के निर्माण के लिए अपने ऐच्छिक कोष से 51 लाख रुपए देने की घोषणा की। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री व अन्य अतिथियों ने विभाजन का दंश झेलने वाले पूर्वजों को सम्मान देते हुए प्रतीकात्मक रूप से सरदार मोहर सिंह भाटिया जो विभाजन के समय सिर्फ 7 साल के थे, उन्हें शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया।

### सीएम ने कहा-देश के विभाजन के दर्द को कभी भुलाया नहीं जा सकता

नायब सिंह सैनी ने कहा कि हरियाणा की इस भूमि ने बंटवारे के दर्द को कुछ अधिक ही सहन किया है। यहां से अनेक परिवार पाकिस्तान तो गए ही, उस समय के पश्चिमी पंजाब से उजड़कर आने वाले परिवारों की संख्या भी अन्य राज्यों की तुलना में अधिक है। बेशक आज देश बहुत आगे बढ़ गया है, दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र और चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है, लेकिन देश के विभाजन के दर्द को कभी भुलाया नहीं जा सकता है। उन्होंने कहा कि फरीदाबाद शहर उस त्रासदी का जीता-जागता प्रमाण है। जब देश का बंटवारा हुआ, तो लाखों लोग अपना सब कुछ छोड़कर यहां आए थे। ये वे लोग थे, जिन्होंने अपने घर-बार, अपनी जमीनें और अपनी विरासत खो दी थी। उनके सामने एक अनिश्चित भविष्य था, लेकिन उनके हौसले बुलंद थे। फरीदाबाद के उनके पुनर्वास के लिए एक नया शहर बनाने का निर्णय लिया गया। यह सिर्फ एक शहर नहीं, बल्कि आशा की एक नई किरण थी। विस्थापितों ने अपनी मेहनत और लगन से इस शहर को खड़ा किया। उन्होंने न केवल अपने लिए एक नया शहर बनाया, बल्कि इस शहर को हरियाणा का एक प्रमुख औद्योगिक केंद्र भी बना दिया। उन्होंने कहा कि देश के विभाजन की विभीषिका के पीड़ित लोगों की याद में फरीदाबाद के बड़खल में एक स्मारक बनाया गया है। प्रदेश में अन्य स्थानों पर भी विभाजन विभीषिका स्मारक बनाए जा रहे हैं। कुरुक्षेत्र के मसाना गांव में विश्व स्तरीय शहीदी स्मारक बनाया जाएगा। कांग्रेस ने वीरों की शहादत को भुला दिया, विभाजन की विभीषिका ने लाखों लोगों के जीवन को झकझोर दिया। केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल कार्यक्रम में केंद्रीय बिजली, आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल ने अपने संबोधन में कहा कि आजादी से पहले देश का विभाजन होना एक ऐसी घटना थी।

मेरा किया जो काटे उसे ईनाम
गुरुजी सम्राट



ज्योतिष द्वारा सभी समस्याओं का तुरंत समाधान। घर बैठे फोन पर समस्याओं का समाधान जानें। वशीकरण, पति - पत्नी, सास - बहु में अनबन, मुकदमा, गृह क्लेश, सौतन, दुश्मनी से छुटकारा, शादी, कारोबार, विदेश यात्रा आदि।
7534997731

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

# टैंकर ने खाली स्कूल बस को मारी टक्कर, बड़ा हादसा टला

गुरुग्राम। सेक्टर-42 से जेनपैक्ट चौक की ओर जाने वाली सड़क पर बृहस्पतिवार की सुबह तेज रफ्तार ट्रक टैंकर श्रीराम पब्लिक स्कूल की बस से टकरा गया। इस टक्कर में स्कूल बस में चालक साइड का शीशा टूट गया। गनीमत रही कि इस हादसे के दौरान में बच्चे व स्कूल स्टाफ मौजूद नहीं था। सिर्फ चालक-परिचालक ही थे। इसमें चालक को हल्की चोटें आई हैं। हादसे के बाद सड़क पर जाम लगने से वाहन चालकों को परेशानी हुई। गुरुवार की सुबह करीब सात बजे श्रीराम पब्लिक स्कूल की बस का चालक बच्चों को लेने के लिए सेक्टर-42 से जेनपैक्ट चौक की ओर जा रहा था। इसी दौरान आगे तेज रफ्तार में चल रहा एक ट्रक टैंकर अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गया। डिवाइडर से टकराने के बाद चालक ने तेजी से ट्रक टैंकर को दांये तरफ मोड़ा तो ट्रक टैंकर पूरी तरह घूम गया और उसने पीछे से आ रही श्रीराम पब्लिक स्कूल बस को टक्कर लग गई। हादसे के बाद चालक ट्रक टैंकर को छोड़कर मौके से भाग गया। इस हादसे में स्कूल बस के चालक को हल्की चोटें आई हैं। वहीं, स्कूल बस एक तरफ से क्षतिग्रस्त हो गई। स्कूल बस और ट्रक टैंकर में टक्कर होने के कारण सड़क पर वाहनों के निकलने की जगह नहीं बची। सड़क पर पीछे से आ रहे वाहनों का जमा लग गया और देखते ही देखते उक्त सड़क के अलावा जाम का असर अन्य सड़कों के वाहनों पर भी पड़ा।

## ट्रेडिंग के नाम पर 9.80 लाख रुपये की ठगी

गुरुग्राम। मानेसर साइबर क्राइम एरिया में जालसाजों ने स्टॉक ट्रेडिंग के नाम पर युवक से 9.80 लाख रुपये की ठगी कर ली। युवक को बॉब कैप्स नामक व्हाट्सएप ग्रुप में जोड़कर इस ठगी का अंजाम दिया गया। शिकायत मिलने पर पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरु कर दी।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 सीआरपीसी देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **अमन कुमार, पुत्रः सुनील कुमार, पताः RZ-W-79, निहाल विहार, दिल्ली** ने case **FIR No. 601/2022 U/s 379/356/411 IPC, थानाः पश्चिम विहार पूर्व, नई दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त **अमन कुमार** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **अमन कुमार** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि case **FIR No. 601/2022 U/s 379/356/411 IPC, थानाः पश्चिम विहार पूर्व, नई दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **अमन कुमार** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद/मुकदमा का उत्तर देने के लिए **दिनांक 18.09.2025** को या उससे पूर्व हाज़िर हो।

आदेशानुसार
डॉ. अनीजा विश्नोई
न्यायायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी–07 (पश्चिम)
कमरा नं. 289
DP/10563/OD/2025 (Court Matter) तीस हजारी कोर्ट, नई दिल्ली

**हरियाणा सरकार निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर निगम फरीदाबाद | नगर निगम, फरीदाबाद, बल्लभगढ़ में कार्यालय भवन के निर्माण हेतु परियोजना प्रबंधन परामर्शदाता (पीएमसी) के चयन हेतु आरएफपी। | 12.08.2025 02.09.2025 | अनु. लागत करोड़ 24.08 | https://etenders.hry.nic.in | 7400000808 [illegible] |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2026/40/37705/I/88/7 दि. 14.08.25

# बैंकों की मनमानी और केंद्र सरकार की वादाखिलाफी से जनता से हुई परेशानः सैलजा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस सांसद कुमारी सैलजा ने कहा है कि भाजपा सरकार की नीतियों में जलकल्याण कम और जन उत्पीड़न और शोषण अधिक दिखाई देता है। बैंकों की मनमानी और केंद्र सरकार की वादाखिलाफी से जनता परेशान हो रही है। उन्होंने मीडिया को जारी बयान में कहा कि जन धन योजना के नाम पर गरीब, मजदूर, किसानों और आम नागरिकों के खाते तो खुलवाए गए, पर अब बैंकों के नए आदेश के अनुसार खाते में 10 हजार रुपये की न्यूनतम राशि रखनी होगी जो एक प्रकार से जनता के खून-पसीने की कमाई को बैंकों के पास फ्री में गिरवी रखने जैसा है। सरकार को जनहित को ध्यान में रखते हुए अपनी इस नीति में बदलाव करना चाहिए।

### बैंकों की अनैतिक नीति पर रोक लगाई जाए

सांसद कुमारी सैलजा ने कहा है कि बैंकों की तरफ से मनमाने न्यूनतम बैलेंस पर किसी तरह की रोक लगाने से रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया ने इनकार किया है। बैंक बचत खातों में न्यूनतम शेष राशि तय करने के लिए स्वतंत्र हैं और यह आरबीआई के नियामक अधिकार क्षेत्र में नहीं आता है। सांसद सैलजा ने केंद्र सरकार से मांग की है कि बैंकों की इस अनैतिक नीति पर तुरंत रोक लगाई जाए, गरीब व मध्यमवर्गीय खाताधारकों को बिना वजह उनकी जमा राशि से वंचित करने पर कठोर कार्रवाई हो और वर्ष 2014 में किए गए वादों पर सरकार देश के सामने स्पष्ट जवाब दे।

**कोटिया एंटरप्राइजेज लिमिटेड**
CIN: L74110DL1980PLC010678
पंजी. कार्यालय : 905, नई दिल्ली हाउस, 27, बाराखम्बा रोड, नई दिल्ली–110001
Tel: - 91-11 -40045955 E mail: compliance@kotiaenterprises.com, Website: www.kotiaenterprises.com

**30 जून 2025 को समाप्त तिमाही हेतु अअंकेक्षित वित्तीय परिणाम**

(रुपए लाखों में)

| क्र. सं. | विवरण | समाप्त तिमाही 30.06.2025 अअंकेक्षित | 31.03.2025 अंकेक्षित | 30.06.2024 अअंकेक्षित | समाप्त वर्ष 31.03.2025 अंकेक्षित |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | प्रचालनों से कुल आय (शुद्ध) | 7.83 | 10.42 | 22.18 | 88.72 |
| 2 | अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (कर, असाधारण और/अथवा असामान्य मदों से पूर्व) | (5.45) | (5.26) | (5.09) | (5.08) |
| 3 | कर से पूर्व अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (असाधारण और/अथवा असामान्य मदों के बाद) | (5.45) | (5.26) | (5.09) | (5.08) |
| 4 | कर के बाद अवधि हेतु शुद्ध लाभ / (हानि) (असाधारण और/अथवा असामान्य मदों के बाद) | (5.45) | (5.16) | (5.09) | (4.93) |
| 5 | अवधि हेतु कुल व्यापक आय [अवधि हेतु निहित लाभ/(हानि) (कर) और अन्य व्यापक आय (कर के बाद)] | 16.06 | 2912.93 | (5.09) | 2913.15 |
| 6 | इक्विटी शेयर कैपिटल | 702.05 | 702.05 | 702.05 | 702.05 |
| 7 | रिजर्व्स (पुनर्मूल्यांकन रिजर्व को छोड़कर) पूर्ववर्ती वर्ष की अंकेक्षित बैलेंस शीट में दर्शाये अनुसार | - | - | - | 3165.57 |
| 8 | अर्जन प्रति शेयर (असाधारण मदों के बाद) (रु. 10/- प्रत्येक के) | | | | |
| | 1. बेसिक : | (0.08) | (0.07) | (0.07) | (0.07) |
| | 2. डायल्युटेड : | (0.08) | (0.07) | (0.07) | (0.07) |

टिप्पणी :–
1. कम्पनी (भारतीय लेखा मानकों) नियमों 2015, समय-समय पर संशोधित अनुसार के साथ पठित कम्पनी अधिनियम 2013 की धारा 133 के तहत निर्धारित भारतीय लेखा मानक ("Ind AS" के रूप में संदर्भित) 34-अंतरिम वित्तीय रिपोर्टिंग के अनुसार तैयार किए गए हैं।
2. 30 जून 2025 को समाप्त तिमाही हेतु उपरोक्त अअंकेक्षित वित्तीय परिणामों की समीक्षा ऑडिट कमेटी द्वारा कर ली गई है और तब 13 अगस्त 2025 को आयोजित उनकी बैठक में निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित किए गए।
3. 30 जून 2025 को समाप्त तिमाही हेतु उपरोक्त परिणामों की सीमित समीक्षा वैधानिक अंकेक्षकों ने पूर्ण कर ली है, यद्यपि प्रबंधन यह सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक यथोचित परिश्रम का उपयोग कर चुका है कि उपलब्ध करवाए गए वित्तीय परिणाम सत्य और इसके मामलों के अनुसार निष्पक्ष हों।
4. पूर्ववर्ती अवधि के आंकड़े जहां आवश्यक हुआ, रिग्रुप्ड कर लिए गए हैं ताकि वर्तमान अवधि के वर्गीकरण के अनुरूप बनाए जा सके। तिमाही वर्ष हेतु सेबी (लिस्टिंग आब्लीगेशन एवं डिस्क्लोजर आवश्यकताएं) नियमनों 2015 के नियमन 52 (4) के अनुपालन में घोषणा।
5. समाप्त तिमाही हेतु वित्तीय परिणामों का पूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचेंज वेबसाइट (www.bseindia.com और www.msei.in) और कम्पनी की वेबसाइट www.kotiaenterprises.com पर उपलब्ध है।

कृते कोटिया एंटरप्राइजेज लिमिटेड
हस्ता/-
अंकित भटनागर
(कम्पनी सचिव)
दिनांक: 13 अगस्त 2025
स्थान : नई दिल्ली

**सूर्या इंडिया लिमिटेड**
पंजी. कार्यालयः बी–1/ एफ–12, मोहन को–ऑपरेटिव इंडस्ट्रियल एस्टेट, मथुरा रोड, नई दिल्ली–110044
फोनः +91 11 42504115; फैक्सः +911128898016, ईमेलः cs@haldiram.com;
सीआईएनः L74899DL1985PLCO19991, वेबसाइटः www.suryaindialtd.com

**30 जून, 2025 को समाप्त तिमाही के लिए अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों के सार** (लाख रूपये में)

| क्र. सं. | विवरण | समाप्त तिमाही 30.06.2025 (अलेखापरीक्षित) | 31.03.2025 (लेखापरीक्षित) | 30.06.2024 (अलेखापरीक्षित) | समाप्त वर्ष 31.03.2025 (लेखापरीक्षित) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | परिचालन से कुल आय (शुद्ध) | 59.72 | 125.59 | 112.35 | 546.93 |
| 2 | अवधि के लिए कर, असाधारण और/या असामान्य मदों से पूर्व शुद्ध लाभ/(हानि) | 51.53 | 1,401.83 | 32.41 | 1,540.61 |
| 3 | अवधि के लिए, कर, असाधारण और/या असामान्य मदों के बाद शुद्ध लाभ/(हानि) | 51.53 | 1,401.83 | 32.41 | 1,540.61 |
| 4 | कर के बाद की अवधि के लिए शुद्ध लाभ/(हानि) और असाधारण और/या असामान्य मदों के बाद | 36.3 | 1,146.30 | 23.47 | 1,250.32 |
| 5 | अवधि के लिए कुल व्यापक आय (इसमें अवधि के लिए लाभ/(हानि) (कर के बाद) और अन्य व्यापक आय (कर के बाद) शामिल है) | 36.3 | (463.06) | 23.47 | (356.29) |
| 6 | प्रदत्त इक्विटी शेयर पूंजी (प्रत्येक का अंकित मूल्य रु. 10/–) | 98.58 | 698.58 | 698.58 | 698.58 |
| 7 | आरक्षित (इसमें पुनर्मूल्यांकन आरक्षित शामिल है) जैसा पिछले वर्ष के लेखापरीक्षित तुलन पत्र में दर्शाया गया है) | - | - | - | 11,255.17 |
| 8 | प्रति शेयर आय (प्रत्येक रु. 10/–) (जारी और बंद परिचालन के लिए) – | | | | |
| | 1. मूल (रुपयों में): | 0.52 | 16.41 | 0.34 | 17.90 |
| | 2. परिसमाप्त (रुपयों में): | 0.52 | 16.41 | 0.34 | 17.90 |

नोट्सः
1) उपरोक्त सेबी (सूचीबद्धता दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियम, 2015 के विनियमन 33 के तहत स्टॉक एक्सचेंजों के साथ दायर तिमाही की समाप्ति के वित्तीय परिणामों के समय–समय पर यथासंशोधित विस्तृत प्रारूप का सार है। तिमाही के अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों का पूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट (www.bseindia.com) और कंपनी की वेबसाइट (www.suryaindialtd.com) पर उपलब्ध हैं। इसे नीचे दिए गए क्यू आर कोड को स्कैन करके भी देखा जा सकता है।
2) उपरोक्त अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों की समीक्षा लेखा समिति द्वारा 13.08.2025 को आयोजित बोर्ड की बैठक में की गई है। कंपनी के संवैधानिक लेखा परीक्षक द्वारा उसकी सीमित समीक्षा की गई है।
3) परिचालनों से कुल आय में अन्य आय (शुद्ध) शामिल नहीं हैं।

स्थानः नई दिल्ली
दिनांकः 13.08.2025
कृते सूर्या इंडिया लिमिटेड
हस्ता/–
प्रीति अग्रवाल
प्रबंध निदेशक
डीआईएनः 00011450

**फॉर्च्यून इंटरनेशनल लिमिटेड**
सीआईएनः L52324DL1981PLC012033
पंजीकृत कार्यालयः जी–4, सामुदायिक केंद्र, नारायणा विहार, नई दिल्ली–110028
निवेशकों के लिए ई–मेल आईडीः rekha.srivastava2016@gmail.com टेलीफोनः 011–25774212–214

**30 जून, 2025 को समाप्त तिमाही के लिए गैर–लेखापरीक्षित स्टैंडअलोन और समेकित वित्तीय परिणामों का सार**

(आंकड़े लाख में)

| विवरण | स्टैंडअलोन परिणाम 30.06.2025 को समाप्त तिमाही (अ–लेखापरीक्षित) | 31.03.2025 को समाप्त तिमाही (लेखापरीक्षित) | 30.06.2024 को समाप्त तिमाही (अ–लेखापरीक्षित) | 31.03.2025 को समाप्त वर्ष (लेखापरीक्षित) | समेकित परिणाम 30.06.2025 को समाप्त तिमाही (अ–लेखापरीक्षित) | 31.03.2025 को समाप्त तिमाही (लेखापरीक्षित) | 30.06.2024 को समाप्त तिमाही (अ–लेखापरीक्षित) | 31.03.2025 को समाप्त वर्ष (लेखापरीक्षित) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| परिचालन से कुल आय (शुद्ध) | – | – | – | – | – | – | – | – |
| अवधि के लिए शुद्ध लाभ/(हानि) (कर से पहले, असाधारण और/या असाधारण मदें) | –0.51 | –2.04 | –3.26 | 79.23 | –0.51 | –2.04 | –3.26 | –10.65 |
| कर से पहले की अवधि के लिए शुद्ध लाभ/(हानि) (असाधारण और/या असाधारण मदों के बाद) | –0.51 | –2.04 | –3.26 | 79.23 | –0.51 | –2.04 | –3.26 | –10.65 |
| कर के बाद की अवधि के लिए शुद्ध लाभ/(हानि) (असाधारण और/या असाधारण मदों के बाद) | –0.51 | –1.53 | –3.26 | 59.29 | –0.51 | –1.53 | –3.26 | –30.59 |
| अवधि के लिए कुल व्यापक आय [लाभ/ (हानि) अवधि के लिए (कर के बाद) और अन्य व्यापक आय (कर के बाद) | –0.51 | –1.53 | –3.26 | 59.29 | 172.69 | 58.06 | 141.70 | 426.66 |
| चुकी हुई इक्विटी शेयर पूंजी | 704.00 | 704.00 | 704.00 | 704.00 | 704.00 | 704.00 | 704.00 | 704.00 |
| आरक्षित निधि (पिछले वर्ष की बैलेंस शीट में दर्शाए गए पुनर्मूल्यांकन आरक्षित निधि को छोड़कर) | – | – | – | – | – | – | | |
| प्रति शेयर आय (निरंतर और बंद परिचालनों के लिए) | | | | | | | | |
| मूलः | –0.01 | –0.02 | –0.05 | 0.84 | 2.45 | 0.73 | 2.01 | 5.96 |
| तनुकृतः | –0.01 | –0.02 | –0.05 | 0.84 | 2.45 | 0.73 | 2.01 | 5.96 |

नोटः
उपरोक्त विवरण सेबी (सूचीबद्धता एवं अन्य प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियम, 2015 के विनियम 33 के अंतर्गत स्टॉक एक्सचेंजों में दाखिल तिमाही वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का एक अंश है। पूर्ण तिमाही वित्तीय परिणाम स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइटः http://www.bseindia.com और कंपनी की वेबसाइटः http://www.fortuneinternational.in पर भी उपलब्ध हैं।

विस्तृत वित्तीय परिणामों के लिए क्यूआर कोड स्कैन करें ⇨

स्थानः नई दिल्ली
दिनांकः 14.08.2025
फॉर्च्यून इंटरनेशनल लिमिटेड के लिए
हस्ताक्षरकर्ता/–
(निवेदन भारद्वाज)
प्रबंध निदेशक
(डीआईएनः 00040191)

**आईएसटी लिमिटेड**
पंजी. कार्यालय : धारूहेड़ा इंडस्ट्रीयल कॉम्पलैक्स, दिल्ली जयपुर हाईवे नं. 8, कापड़ीवास, धारूहेड़ा, रेवाड़ी (हरियाणा)–123106
मुख्य कार्यालय : ए–23, न्यू ऑफिस कॉम्पलैक्स, द्वितीय तल, डिफेंस कॉलोनी, नई दिल्ली–110024
CIN : L33301HR1976PLC008316; Phone No.: 011-41044511-14; Fax: 011-24625694; Email : istgroup.ho@gmail.com; Website : www.istindia.com

**30 जून 2025 को समाप्त तिमाही हेतु वित्तीय परिणामों का सार** (आंकड़े लाखों में, यदि अन्यथा वर्णित नहीं हो)

| क्र. सं. | विवरण | स्टैंडअलोन समाप्त तिमाही 30.06.2025 अअंकेक्षित | 31.03.2025 अंकेक्षित | 30.06.2024 अअंकेक्षित | समाप्त वर्ष 31.03.2025 अंकेक्षित | समेकित समाप्त तिमाही 30.06.2025 अअंकेक्षित | 31.03.2025 अंकेक्षित | 30.06.2024 अअंकेक्षित | समाप्त वर्ष 31.03.2025 अंकेक्षित |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | कुल आय | 4076.46 | 704.25 | 1584.02 | 6277.23 | 10177.47 | 3250.73 | 7841.79 | 22251.80 |
| 2 | असाधारण मदों और कर से पूर्व शुद्ध लाभ | 3353.77 | 77.43 | 1040.94 | 3703.74 | 9153.06 | 2144.00 | 6884.07 | 17731.77 |
| 3 | कर से पूर्व असाधारण मदों के बाद शुद्ध लाभ | 3353.77 | 77.43 | 1040.94 | 3703.74 | 9151.90 | 2148.97 | 6879.04 | 17764.31 |
| 4 | कर के बाद शुद्ध लाभ | 2841.79 | 59.31 | 813.37 | 3346.11 | 7234.76 | 1676.53 | 5274.16 | 13992.71 |
| 5 | अवधि हेतु कुल व्यापक आय (कर का शुद्ध) | 2840.79 | 55.34 | 813.36 | 3342.11 | 12419.61 | 797.44 | 6134.96 | 16081.27 |
| 6 | इक्विटी शेयर कैपिटल (प्रत्यक्ष मूल्य रु. 5/– प्रति शेयर) | 584.68 | 584.68 | 584.68 | 584.68 | 584.68 | 584.68 | 584.68 | 584.68 |
| 7 | अन्य इक्विटी | - | - | - | 27348.69 | - | - | - | 146737.74 |
| 8 | अर्जन प्रति शेयर (प्रत्यक्ष मूल्य रु. 5/– प्रति शेयर) | | | | | | | | |
| | – बेसिक (रु.) | 24.36 | 0.51 | 6.97 | 28.69 | 62.02 | 14.37 | 45.22 | 119.96 |
| | – डायल्युटेड (रु.) | 24.36 | 0.51 | 6.97 | 28.69 | 62.02 | 14.37 | 45.22 | 119.96 |

टिप्पणी :– उपरोक्त सेबी (लिस्टिंग ऑब्लीगेशंस एवं घोषणा आवश्यकताएं) नियमनों, 2015 के नियमन 33 के तहत स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई लि.) के पास दायर किये गये 30 जून 2025 को समाप्त तिमाही हेतु स्टैंडअलोन एवं समेकित वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का एक सार है। स्टैंडअलोन एवं समेकित वित्तीय परिणामों का पूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचेंज वेबसाइट (www.bseindia.com) और कम्पनी की वेबसाइट www.istindia.com पर उपलब्ध है।

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 13 अगस्त 2025
बोर्ड के आदेशानुसार
हस्ता/–
(एस.सी. जैन)
कार्यकारी निदेशक
डीआईएन : 00092079

**उत्तर रेलवे**
निविदा आमंत्रण सूचना

| | |
|---|---|
| कार्य का नाम और इसकी स्थितिः 30-Elect-21-T-2025-26-E3 दिल्ली मंडल पर जीजेडबी और टीकेडी–पीडब्ल्यूएल खंड सहित दिल्ली राज्य क्षेत्र के भीतर एचटी/एलटी भूमिगत केबल की खराबी का पता लगाने और सुधार के संबंध में विद्युत कार्य। | |
| निविदा की अनुमानित लागत | रु. 95,47,828.00 |
| कार्यालय का पता | वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियन्ता/जी, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली |
| बयाना राशि | रु. 1,91,000.00 |
| निविदा निवेदन की दिनांक व समय | 04.09.2025, 16:00 बजे |
| निविदा खोलने की दिनांक व समय | 04.09.2025, 16:00 बजे |
| वेबसाइट व नोटिस बोर्ड | www.ireps.gov.in व वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियन्ता/जी, नई दिल्ली |

2488/2025
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्तगण **1. अरुण डबास उर्फ बिट्टू, पुत्रः स्वर्गीय प्रकाश, पताः शिव कॉलोनी, रोहतक, हरियाणा, 2. अजय गुलिया, पुत्रः रमेश, पताः माता दरवाजा, रोहतक, हरियाणा** ने **FIR No. 244/2025, U/s: 64(2)/127(3)/123/308(2)/351(2)/3(5) भारतीय न्याय संहिता, 2023, पुलिस थाना पटेल नगर, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किये है (या संदेह है कि उन्होंने किये है) और उन पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **1. अरुण डबास उर्फ बिट्टू, 2.अजय गुलिया** मिल नहीं रहे है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **1. अरुण डबास उर्फ बिट्टू, 2. अजय गुलिया** फरार हो गये है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहे है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **पुलिस थाना पटेल नगर, दिल्ली** के अभियुक्तगण **1. अरुण डबास उर्फ बिट्टू, 2. अजय गुलिया** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **26.09.2025** या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार,
सुश्री आकृति महेंद्रू
एलडी. एसीजेएम, पश्चिम, कमरा संख्या 145
DP/10862/CD/2025 तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

**कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक**

अभियोग संख्या 246 दिनांक 13.08.2025 धारा 127(6) BNS 2023 थाना सदर रोहतक।

**गुमशुदा की पहचान बारे**



नाम - मोहित
पिता/पति- पुत्र जयभगवान
पता - निवासी गांव समरगोपालपुर जिला रोहतक
उम्र-27 वर्ष
कद- 5 फुट 5 ईंच।
हुलिया - रंग गेहुआ, गोल चेहरा, हष्ट पुष्ट शरीर, चेहरे पर हल्की दाढी उगी हुई, बाएं बाजू पर शिव का टैटू बना हुआ।
पहनावा - गोल गले की टी शर्ट, स्लेटी रंग की लोवर व पैरों में हवाई चप्पल पहने हुए है।
दिनांक 11.08.25 को मोहित पुत्र जयभगवान निवासी गांव समरगोपालपुर जिला रोहतक कृष्णा कंपनी रोहतक में काम करने के लिए घर से करीब सुबह 7 बजे निकला था जो आज तक ना ही कंपनी में काम पर पहुंचा और ना ही घर वापिस आया। बिना किसी को बताए कहीं चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है। गुमशुदा का अभी तक कोई भी सुराग नहीं पता चला है। यदि किसी व्यक्ति या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है, तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करे। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा और सूचना देने वाले को उचित इनाम भी दिया जाएगा।
1. प्रबन्धक थाना सदर रोहतक- 7082999123
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक- 01262-247200,999646400
3. अनुसंधानकर्ता थाना सदर रोहतक- 9896118887

पीआरओएचआर-1084/11/3755/2026/37685/88/7 दि. 14.08.25

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 सीआरपीसी देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **मोहम्मद अजाज, पुत्र मोहम्मद रशीद निवासी मकान नं. 92, गली नं. 17, गाँव तुगलकाबाद, नई दिल्ली** ने **प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 389/2011 भा.द.सं. की धारा 363 के तहत, थाना संगम विहार, नई दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया है कि उक्त अभियुक्त **मोहम्मद अजाज** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया है कि उक्त अभियुक्त **मोहम्मद अजाज** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है **कि प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 389/2011 भा.द.सं. की धारा 363 के तहत, थाना संगम विहार, नई दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **मोहम्मद अजाज** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **16.09.2025** को या उससे पूर्व हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री संकल्प कपूर
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–04, दक्षिण जिला
DP/10837/SD/2025 कमरा नं. 211, साकेत कोर्ट कॉम्प्लेक्स, नई दिल्ली

**यूनिवर्सल कन्वेयर बेल्टिंग्स लिमिटेड**
पंजीकृत कार्यालय : कार्यालय सं. 24, द्वितीय तल, बी–28, मौर्या कॉम्पलैक्स, लक्ष्मी नगर, दिल्ली–110092
CIN- U29299DL1973PLC006646

**51वीं वार्षिक सामान्य बैठक और दूरस्थ ई–वोटिंग हेतु सूचना**


(ए) वार्षिक सामान्य बैठक :
एतद द्वारा सूचना दी जाती है कि कम्पनी के सदस्यों की 51वीं वार्षिक सामान्य बैठक (एजीएम) उक्त एजीएम बुलाने की सूचना में विनिर्दिष्ट अनुसार बिजनेस का सम्पादन करने के लिए मंगलवार, 9 सितम्बर 2025 को अप. 12.30 बजे आयोजित की जानी निर्धारित है।
कम्पनी, जिनके नाम फिजिकल मोड / डिमैट मोड में 8 अगस्त 2025 के अनुसार होल्डिंग के लिए सदस्यों के रजिस्टर में दर्ज हो चुके हैं, उनकी ई-मेल आईडी जो कम्पनी / रजिस्ट्रार एवं शेयर ट्रांसफर एजेंट्स (आरटीए / डिपोजिटरी पार्टिसिपेंट(एस), जैसा भी मामला हो, के पास उपलब्ध हैं, या तो ई-मेल द्वारा अथवा कम्पनी/आरटीए के पास पंजीकृत पते पर डाक द्वारा एजीएम की सूचना का प्रेषण 12 अगस्त 2025 को पूर्ण कर चुकी है। जिन सदस्यों की ई-मेल आईडी आरटीए के पास उपलब्ध हैं, को इलैक्ट्रोनिकली के साथ-साथ फिजिकली वार्षिक रिपोर्ट और अन्य संचार भेज दिए गए तथा कम्पनी के पंजीकृत कार्यालय में एजीएम की तिथि तक शनिवारों, रविवारों और सार्वजनिक अवकाशों को छोड़कर सभी कार्यदिवसों को पूर्वा. 11:00 बजे से अप. 5.00 बजे के बीच सदस्यों द्वारा निरीक्षण के लिए भी उपलब्ध होंगे।
(बी) ई–वोटिंग :
कम्पनी (प्रबंधन एवं प्रशासन) नियमों, 2014, संशोधित अनुसार, के नियम 20 के साथ पठित कम्पनी अधिनियम 2013 की धारा 108 के प्रावधानों और सामान्य बैठकों पर सचिवालीय मानकों के अनुपालन में, कम्पनी सूचना में विनिर्दिष्ट सभी प्रस्तावों के लिए एजीएम के स्थान के अतिरिक्त किसी अन्य स्थान से इलैक्ट्रोनिकली अपना मतदान करने के लिए इसके शेयरधारकों हेतु दूरस्थ ई-वोटिंग सुविधा प्रदान कर रही है, जिसके लिए कम्पनी ने ई-वोटिंग एजेंसी के तौर पर सीडीएसएल की सेवाएं ली हैं।
सभी सदस्यों को सूचित किया जाता है कि :
1. इलैक्ट्रोनिक साधनों द्वारा मतदान करने के लिए पात्रता निर्धारण हेतु कट-ऑफ तिथि मंगलवार, 02 सितम्बर 2025 है।
2. एजीएम की सूचना प्रेषण पूर्ण करने की तिथि : 12 अगस्त, 2025.
3. कोई व्यक्ति, जो एजीएम की सूचना के प्रेषण के पश्चात कम्पनी के शेयर अर्जन करता है और सदस्य बनता है और कट ऑफ तिथि अर्थात 02 सितम्बर 2025 के अनुसार शेयरधारण करता है, अपना फोलियो नं./डीपी आईडी और क्लाइंट आईडी नं. वर्णित करके briteindia@hotmail.com और evoting@cdsl.co.in को एक ई-मेल भेजकर लॉगइन आईडी और पासवर्ड प्राप्त कर सकता है। यद्यपि, ऐसा शेयरधारक दूरस्थ ई-वोटिंग हेतु सीडीएसएल के पास पहले से ही पंजीकृत है तो अपना मतदान करने के लिए मौजूदा यूजर-आईडी और पासवर्ड का उपयोग किया जा सकता है।

| | |
|---|---|
| दूरस्थ ई-वोटिंग के प्रारम्भ की तिथि व समय | शनिवार, 06 सितम्बर 2025, पूर्वा. 9.00 बजे (आईएसटी) |
| दूरस्थ ई-वोटिंग के समापन की तिथि व समय | सोमवार, 08 सितम्बर 2025, अप. 5.00 बजे (आईएसटी) |

4. इलैक्ट्रोनिक साधनों के माध्यम से दूरस्थ ई-वोटिंग की अनुमति सोमवार, 8 सितम्बर 2025 को अप. 5.00 बजे (आईएसटी) के बाद नहीं दी जाएगी।
5. वार्षिक सामान्य बैठक की सूचना सीडीएसएल की वेबसाइट अर्थात https://www.cdslindia.com/ उपलब्ध है। यद्यपि, कम्पनी (प्रबंधन एवं प्रशासन) नियमों, 2014 के नियम 18 (3) (ix) के अनुरूप कम्पनी की वेबसाइट पर एजीएम की सूचना का प्रकाशन लागू नहीं है क्योंकि कम्पनी कोई वेबसाइट मेनटेन नहीं करती है।

सदस्य जो एजीएम से पूर्व दूरस्थ ई-वोटिंग द्वारा अपना मतदान कर चुके हैं, एजीएम में उपस्थित भी हो सकते हैं; यद्यपि वे सदस्य एजीएम के दौरान ई-वोटिंग के माध्यम से दोबारा अपना मतदान करने के हकदार नहीं होंगे।
ई-वोटिंग के सम्बन्ध में किसी शिकायत के मामले में, सदस्य हैल्प और बारम्बार पूछे जाने वाले प्रश्न (एफएक्यूएस) और हैल्प सेक्शन के तहत ई-वोटिंग यूजर मैनुअल www.evotingindia.com देख सकते हैं अथवा helpdesk.evoting@cdslindia.com को एक ई-मेल लिखें अथवा हैल्प डेस्क : 1800 21 09911 पर कॉल करें अथवा briteindia@hotmail.com को ई-मेल करें।
ई-वोटिंग का परिणाम कम्पनी को एजीएम को अथवा इसके पश्चात घोषित किया जाएगा। संवीक्षाकर्ता की रिपोर्ट सहित घोषित किए गए परिणाम सदस्यों की जानकारी के लिए सीडीएसएल की वेबसाइट पर प्रकाशित किए जाएंगे।
उपरोक्त के सम्बन्ध में विस्तृत निर्देश एजीएम की सूचना में प्रदान किए जाएंगे और शेयरधारकों से इसका ध्यान रखने का आग्रह किया जाता है।

कृते व बोर्ड की ओर से
यूनिवर्सल कन्वेयर बेल्टिंग्स लिमिटेड
हस्ता/–
अरूण कुमार मोहाता
प्रबंध निदेशक
डीआईएन : 01038464
नई दिल्ली
13.08.2025


सरहदों पर जवान, रगों में बलिदान
आज़ादी का पर्व, गर्व और अभिमान
हरियाणा सरकार
स्वतंत्रता दिवस
के अवसर पर समस्त देशवासियों को
हार्दिक बधाई
15 अगस्त, 2025
"आज वह पावन अवसर है जब हम उन असंख्य श्रद्धेय वीर स्वतंत्रता सेनानियों को नमन करते हैं जिन्होंने देश की स्वतंत्रता के लिए खुद को समर्पित कर दिया। इन्हीं वीरों की बदौलत हमें आज़ादी के इस पर्व पर आज़ादी की साँस लेने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। देश उनका हृदय से ऋणी है।"
- नरेन्द्र मोदी
सूचना, लोक संपर्क तथा भाषा विभाग, हरियाणा के WhatsApp चैनल से जुड़ने के लिए क्यू आर कोड स्कैन करें
सूचना, लोक संपर्क तथा भाषा विभाग, हरियाणा
www.prharyana.gov.in | Follow us on @dipharyana

## चिंतन

# भारत को सामरिक-आर्थिक ताकत बनाने का लें संकल्प

आज जब भारत अपना 79वां स्वतंत्रता दिवस मना रहा है, तो वह एक आत्मविश्वास से भरा हुआ राष्ट्र है, आर्थिक व सामरिक महाशक्ति है, विश्व में सबसे तेज गति से विकास करने वाला देश है, सैन्य रूप से शक्तिशाली है, दुश्मनों को करारा जवाब देता है, सॉफ्ट स्टेट की छवि से बाहर निकल चुका है, ऑपरेशन सिंदूर के दौरान विश्व ने देखा, इससे पहले वह सर्जिकल स्ट्राइक व एयर स्ट्राइक को अंजाम दे चुका है। दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है। वर्ष 1947 में आजादी हासिल के बाद से अपनी 78 वर्ष की यात्रा में भारत ने विभिन्न क्षेत्र में प्रगति के अनेक कीर्तिमान रचे हैं। अंतरिक्ष, डिजिटल, ऑटो मोबाइल, इलेक्ट्रानिक्स, डिफेंस विनिर्माण, विमानन, इन्फ्रास्ट्रक्चर, पेट्रो केमिकल्स, रेलवे व हाई स्पीड ट्रेन, मेट्रो, इंजीनियरिंग, हेल्थ, एजुकेशन विज्ञान व प्रौद्योगिकी आदि सेक्टर हैं, जिनमे भारत ने उल्लेखनीय प्रगति की है। कृषि और पशुपालन क्षेत्र में भी आज भारत एक प्रमुख वैश्विक ताकत है। अनाज उत्पादन में आत्मनिर्भर है, सौ से अधिक देशों को वह अनाज का निर्यात करता है। दुग्ध उत्पादन में वह सिरमौर है, दुनिया का सबसे बड़ा उत्पादक है। सांस्कृतिक, धार्मिक और सामाजिक विविधताओं के बावजूद भारत आज एक मजबूत समावेशी राष्ट्र है, जहां अनेकता में एकता और अखंडता का भाव बुलंद है। आज जब दुनिया में युद्ध, क्षेत्रीय संघर्ष और वर्चस्व की जंग तेज है, अमेरिकी टैरिफ वार से उथलपुथल मचा हुआ है, भारत स्थिर है। जीडीपी दर सबसे तेज है और विश्व को शांति का पैगाम दे रहा है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्र के नाम संबोधन में एक समर्थ व समृद्ध भारत की तस्वीर पेश की है। सरकार एवं सशस्त्र बलों के फौलादी संकल्प की बदौलत भारत ने आतंकवाद का हमेशा करारा जवाब दिया है। वैश्विक अर्थव्यवस्था में समस्याओं के बावजूद भारत पिछले वित्त वर्ष में 6.5 प्रतिशत की आर्थिक वृद्धि दर के साथ दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में से एक है तथा मुद्रास्फीति पर नियंत्रण है और निर्यात बढ़ रहा है। भारत, 2047 तक एक विकसित अर्थव्यवस्था बनने के मार्ग पर अग्रसर है। सभी प्रमुख संकेतक, अर्थव्यवस्था की मजबूत स्थिति को दर्शा रहे हैं। भारत ने पिछले दस वर्ष में गरीबी कम करने में उल्लेखनीय प्रगति की है। संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट के मुताबिक, करीब 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर निकले हैं। प्रति व्यक्ति आय में इजाफा हुआ है। हालांकि देश के सामने अनेक चुनौतियां भी हैं। अमेरिकी टैरिफ वार के प्रभाव से निपटना है, विकास के मामेंटम को बनाए रखना है। डिजिटेक, हरित ऊर्जा, हेल्थ और एजुकेशन में निवेश बढ़ाने की जरूरत है। भारतीय अर्थव्यवस्था को नई दिशा देने की जरूरत है, जिसमें विनिर्माण की मजबूती के साथ सेवा क्षेत्र में विस्तार की आवश्यकता है। भारत को भविष्य की इकोनॉमी पर फोकस करना होगा। आज जब लाल किले की प्राचीर से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी राष्ट्र को संबोधित करेंगे, तो निश्चित रूप से ऑपरेशन सिंदूर की सफलता का जिक्र करेंगे, भारत के विकास व चुनौतियों पर बात करेंगे, लेकिन अब भारत को व्यवस्थागत परिवर्तन की दिशा में बढ़ने की जरूरत है, जिसमें प्रशासनिक, राजनीतिक, न्यायिक और पुलिस सुधार हो, शिक्षा व स्वास्थ्य क्षेत्र में बड़े निवेश के साथ क्रांतिकारी बदलाव हों और उच्च प्रौद्योगिकी व डिफेंस टेक के साथ अजेय व अभेद्य सामरिक ताकत बनने पर जोर हो। गुटनिरपेक्ष व स्वतंत्र विदेश नीति के साथ भारत की वैश्विक प्रतिष्ठा कायम रहे, अमेरिका का सबक भारत के सामने है।



## आजादी की लड़ाई
निरंकार सिंह

# 1857 से पहले ही स्वतंत्रता संग्राम

> सन् 1857 के विद्रोह को 'स्वतन्त्रता का प्रथम संग्राम' कहा जाता है, किन्तु भारतीय स्वतन्त्रता आन्दोलन उससे भी बहुत पहले छिटपुट रूप से आरम्भ हो गया था। यह 1947 तक ही नहीं बल्कि उसके बाद गोवा की मुक्ति तक चला। ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी को 1799 में बनारस में बाबू जगत सिंह के विद्रोह का सामना पड़ा। गोला-बारूद और तोपखाने के कारण अंग्रेज भाग्यशाली रहे और बाबू जगत सिंह और वजीर अली की ओर से तोपखाने की अनुपस्थिति उनकी हार का कारण बनी। 20 अक्टूबर 1799 को सेंट हेलेना में हिरासन में जीवन की अपनी अंतिम यात्रा के लिए ओस्टरली पर सवार होने के लिए हुगली नदी से जाते समय उन्होंने जहर खा लिया और चल बसे।

भारतीय स्वतन्त्रता आन्दोलन विभिन्न प्रकार के क्रियाकलापों और घटनाओं की एक शृंखला थी जिसका अंतिम उद्देश्य भारत में ब्रिटिश शासन को समाप्त करना था। यद्यपि सन् 1857 के विद्रोह को 'स्वतन्त्रता का प्रथम संग्राम' कहा जाता है, किन्तु भारतीय स्वतन्त्रता आन्दोलन उससे भी बहुत पहले छिटपुट रूप से आरम्भ हो गया था। यह 1947 तक ही नहीं बल्कि उसके बाद गोवा की मुक्ति तक चला। भारत में अंग्रेज व्यापारियों के रूप में आए थे, जो भारत की असाधारण संपदा से आकर्षित थे, जो यूनानी काल से ही पश्चिम में प्रसिद्ध थी। वे भारत पहुंचे तो देखा कि विशाल मुगल साम्राज्य का प्रभुत्व भारत पर था, जिसकी स्थापना 16वीं शताब्दी में विजेता बाबर ने की थी और जो अब उपमहाद्वीप के अधिकांश भाग पर शासन करता था।

1613 में मुगल बादशाह जहांगीर ने अंग्रेजों को गुजरात के सूरत में एक व्यापारिक चौकी स्थापित करने की अनुमति दी, जो भारत में अंग्रेजों का पहला पैर जमाने का स्थान बना। अगली शताब्दी में, ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी ने अतिरिक्त व्यापारिक चौकियां स्थापित कीं और धीरे-धीरे पूरे उपमहाद्वीप में अपना आर्थिक और राजनीतिक प्रभाव बढ़ाया। 1707 में सम्राट औरंगजेब की मृत्यु के बाद, मुगल साम्राज्य तेजी से पतन के दौर में प्रवेश कर गया, जिससे मराठों , सिखों और उत्तरी राजपूत सरदारों सहित विभिन्न क्षेत्रीय शक्तियों को अपनी संप्रभुता स्थापित करने का अवसर मिला। 18वीं शताब्दी के मध्य तक, उपमहाद्वीप में एक भी प्रमुख शक्ति नहीं बची थी, जिससे यह क्षेत्र औपनिवेशिक महत्वाकांक्षाओं के प्रति संवेदनशील हो गया। 1757 में प्लासी की लड़ाई , ब्रिटेन और फ्रांस के बीच चले सात साल के युद्ध का हिस्सा थी। यह भारत पर ब्रिटिश विजय में एक महत्वपूर्ण मोड़ था। ईस्ट इंडिया कंपनी ने अपनी स्थिति को तेजी से मजबूत किया था और अब देशी शासकों द्वारा इसे एक गंभीर खतरा माना जाता था। बंगाल के नवाब, सिराज-उल-दौला , फ्रांस के साथ गठबंधन के पक्ष में थे। वे पहले कंपनी के व्यापारिक पदों पर हमला कर चुके थे। पर नवाब के सेनापति मीर जाफर ने प्लासी के युद्ध में सिराजुद्दौला के साथ विश्वासघात किया, जिससे अंग्रेजों को बंगाल पर नियंत्रण हासिल करने में मदद मिली। मीर जाफर को ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी ने बंगाल का नवाब बनाया था। इस महत्वपूर्ण जीत ने ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी को भारत में एकमात्र व्यापारिक उपस्थिति से एक सैन्य और राजनीतिक शक्ति में बदल दिया। इसके बाद भी बक्सर के युद्ध (1764) के साथ बंगाल, बिहार और उत्तर प्रदेश में 1799 में बनारस में बाबू जगत सिंह के विद्रोह का सामना पड़ा। सशस्त्र संघर्ष को अंजाम देने के लिए 13 जनवरी 1799 की शाम तक 12,837 सैनिकों की भीड़ जुटाई गयी। ऐसा करने के लिए उपलब्ध समय की कमी को ध्यान में रखते हुए उस दिन इतने सारे व्यक्तियों का जमा हो जाना सराहनीय था। एक पखवाड़े से भी कम समय की तैयारी के आधार पर बनारस शहर और घाटों के लगभग सभी हिस्सों में जमींदारों और उनके लोगों ने इस प्रतिरोध में जिस उत्साह से भागीदारी की थी, वह प्रशंसा का विषय है और हर तरह से कुछ करने के दृढ़ संकल्प को दर्शाता है। इस प्रकार प्रतिरोध का यह चरण अच्छी तरह से योजनाबद्ध और संगठित था। इस तथ्य के बावजूद कि अंग्रेजों की सभी गतिविधियों पर संदिग्ध निगाहें थीं।



अंग्रेज पहले से ही जमान शाह के आसन्न आक्रमण के कारण अपनी सभी सैन्य तैयारियों के साथ सतर्क थे। फिर भी उन्हें वास्तव में विद्रोह की रूपरेखा के बारे में कोई जानकारी नहीं थी। यह स्थापित करता है कि कैसे गुप्त रूप से सुनियोजित और संगठित चीजें उन सभी लोगों द्वारा की जा रही थीं जो इसका हिस्सा थे। एर्स्किन के लिए माधव दास गार्डन पर हमला करना आसान नहीं था, जो अन्ततः पूरे ऑपरेशन में 'सुनियोजित गोलीबारी' का सामना करके एक लम्बी और निरन्तर लड़ाई के बाद ही प्राप्त किया जा सकता था। बार-बार उसे सैनिकों के संगठित दलों के हमलों से निपटना पड़ा। कई मौकों पर वे बहुत करीब से भी टकराये। इस संघर्ष में चार अंग्रेज अधिकारी मारे गये लेकिन साधारण सैनिकों के मारे जाने की संख्या का कहीं उल्लेख नहीं मिलता है। इन मारे गये अंग्रेज अधिकारियों की कब्रें वाराणसी के कैंट क्षेत्र में मकबूल आलम रोड के किनारे इसाइयों के कब्रिस्तान में बनी हुई है। इस कब्रगाह पर मारे गये अंग्रेज अधिकारियों के साथ इनको मारने वाले वजीर अली का भी नाम लिखा है जो जगत सिंह के सहयोगी थे। यह सब उन लोगों की बहादुरी और साहस को दर्शाता है जो अपनी जान की परवाह किये बिना वहां लड़ रहे थे। हालांकि दोनों ओर से कुल कितने लोग मारे गये, अब तक इसका कोई प्रमाणिक विवरण नहीं मिल पाया है। इस बारे में अनुमान है कि हजारों लोग मारे गये होंगे। गोला-बारूद और तोपखाने के कारण अंग्रेज भाग्यशाली रहे और बाबू जगत सिंह और वजीर अली की ओर से तोपखाने की अनुपस्थिति उनकी हार का कारण बनी। प्रतिरोध की विफलता का एक अन्य महत्वपूर्ण कारण इसका त्वरित दमन था जो बनारस के आसपास के क्षेत्र में तैनात तोपखाने और भारी गोला-बारूद से लैस एक बड़ी सेना की उपस्थिति के कारण संभव था। विद्रोहियों की ओर से भी उनकी प्रगति में बाधा डालने का ध्यान रखा गया था, लेकिन इस काम के लिए नियुक्त किए गए लोग मौके पर अनुपस्थित रहे। उन्होंने अपना काम नहीं किया और अंग्रेजी फौज को कहीं भी आसानी से जाने की सुविधा मिल सकी। विशेष रूप से माधव दास बाग के रास्ते में और इसके ठीक सामने उन्हें गोलीबारी की ताकत और विरोधियों की दृढ़ता का स्वाद चखना पड़ा। अगर यह सेना वहां तैनात नहीं होती, तो इस बात की पूरी संभावना थी कि अंग्रेजों के लिए प्रतिरोध के प्रसार को और अधिक खतरनाक स्तर तक रोकना मुश्किल हो जाता। बहरहाल बाबू जगत सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया। इसके अलावा बहादुर सिंह, गजराज सिंह, बीजक सिंह प्रथम, रामदयाल, शिवशरण सिंह, लाल सिंह, शिवदेव सिंह, मिर्जा अली, इमाम अली, मिर्जा बेग, हफीजुल्लाह, खैरउद्दीन बेग, मुराद चैन को भी गिरफ्तार करके उन पर विभिन्न आरोपों का लगातार मुकदमा चलाया गया और सजा दी गयी।

बाबू जगत सिंह को अदालत ने 'सजा-ए-मौत' सुनाई। लेकिन निजाम अदालत ने इस सजा को बदलकर उन्हें आजीवन देश निकाला की सजा दी और इसकी पुष्टि के लिए काउंसिल के उपाध्यक्ष को भेज दिया। बनारस से कलकत्ता आने पर बाबू जगत सिंह को 31 अगस्त 1799 को टाउन मेजर द्वारा फोर्ट विलियम में कैद पर लिया गया। अंग्रेजों को बाबू जगत सिंह से इतना खतरा अनुभव हुआ कि उन्हें भारत के किसी हिस्से में कैद रखना सुरक्षित नहीं लगा। 20 अक्टूबर 1799 को सेंट हेलेना में हिरासन में जीवन की अपनी अंतिम यात्रा के लिए ओस्टरली पर सवार होने के लिए हुगली नदी से जाते समय उन्होंने जहर खा लिया और चल बसे। ऐसा दावा डेविस ने किया था। पर वास्तविकता यह बतायी जाती है कि विदेश की जगह उन्होंने अपने देश की भूमि पर ही देह त्यागने के संकल्प के साथ हुगली नदी में जल समाधि ले ली क्योंकि हिरासत में जहर मिलना संभव नहीं था।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## दिवस विशेष
शिवप्रकाश




# हर देशवासी का एक ही लक्ष्य होना चाहिए 'विकसित भारत'

देश 15 अगस्त को स्वतंत्रता का उत्सव उत्साह के साथ मना रहा है। 15 अगस्त के अपने प्रथम भाषण में पंडित जवाहर लाल नेहरू ने कहा था कि भारत पुनः स्वयं को खोज रहा है। उन्होंने कहा था कि हमारा लक्ष्य होना चाहिए कि हर आंख से आंसू मिटे, भविष्य हमें बुला रहा है, हमें कहां जाना है और हमें क्या करना चाहिए जिससे हम आम आदमी, किसानों और श्रमिकों के लिए स्वतंत्रता और अवसर दे सकें, हम निर्धनता मिटा सकें, एक समृद्ध लोकतांत्रिक प्रगतिशील देश बना सके। कोई भी देश तब तक महान नहीं बन सकता, जब तक उसके लोगों की सोच या कर्म संकीर्ण हो। उनके इस भाषण को इतिहास में "नियति से मिलन" नाम से उल्लेखित किया गया। 78 वर्षों की स्वतंत्रता की यात्रा में हमने बहुत कुछ प्राप्त किया है जो प्रत्येक भारतीय को गर्व करने योग्य है। अभी भी बहुत कुछ ऐसा है जो प्राप्त होना चाहिए था लेकिन नहीं हुआ। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वतंत्रता के 100 वर्ष पूर्ण होने तक एक महत्वाकांक्षी लक्ष्य संपूर्ण देशवासियों को दिया है जो हमें प्राप्त करना है। उस लक्ष्य को उन्होंने "विकसित भारत" के नाम से संबोधित किया है। अमृत काल की इस कालावधि में प्रत्येक भारतीय का एक ही लक्ष्य होना चाहिए "विकसित भारत"। भारत के लाखों-करोड़ों लोगों ने जब अपना संकल्प स्वतंत्रता प्राप्ति बनाया एवं उसकी प्राप्ति के लिए कठोर यातनाएं सही, तब लंबे संघर्ष के बाद हमें स्वतंत्रता प्राप्त हुई। यह स्वाभिमान ही हमको आगे बढ़ने की प्रेरणा दे सकता है। आज भी 140 करोड़ देशवासियों का संकल्प "विकसित भारत" बनना चाहिये। भारत एक प्राचीन देश है। हमारी संस्कृति सर्वकल्याणमयी एवं सर्वसमावेशी है। कोरोना काल में विश्व ने उसके दर्शन भी किए हैं। अपनी निष्ठा, समर्पण के कारण अभावयुक्त होने के बाद भी हमारे साथ स्वतंत्र हुए देशों ने आर्थिक क्षेत्र में हमसे अधिक प्रगति की है। हमारे लिए विचारणीय विषय है कि विशाल जनसमूह, प्रचुर भौतिक संसाधन एवं गौरवमय विरासत होने के बाद भी हम उतनी प्रगति नहीं कर पाए, आज भी गरीब की आंखों में आंसू हैं। आजीविका के लिए निर्धारित घंटों में हम वास्तव में कितने घंटे काम करते हैं, इसका विचार करें।

प्रधानमंत्री मोदी ने अपने अनेक संबोधनों में स्वास्थ्य के प्रति सचेत करते हुए बढ़ते मोटापे पर चिंता व्यक्त की है। इससे बचने के लिए उन्होंने अपने भोजन में 10 फीसदी तेलीय पदार्थ कम करने का आग्रह भी किया है। आज अनेक सर्वेक्षण बच्चों सहित बड़ी संख्या में गंभीर रोगों के ग्रसित होने का आकलन कर रहे हैं। हम दैनिक व्यायाम, पाचनयुक्त भोजन एवं व्यवस्थित दिनचर्या से इसमें परिवर्तन ला सकते हैं। दुनिया के अनेक देश अपने देश की गिरती अर्थव्यवस्था से चिंतित हैं। अमेरिका द्वारा भारत पर लगने वाला मनमाना टैरिफ इसका उदाहरण है। हम आर्थिक साम्राज्यवादी शक्तियों से स्वदेशी एवं आत्मनिर्भरता के मंत्र को अपनाकर उन पर अपनी निर्भरता कम कर सकते हैं। भाषा अभिव्यक्ति का माध्यम है। प्रत्येक भाषा का अपना एक भाव जगत है। भारत की प्रत्येक भाषा परस्पर आबद्ध है। उसमें प्रयोग होने वाले मुहावरे, लोकोक्ति एवं कहावतें भी सामान भाव से युक्त है। उच्चारण भिन्न होने के बाद भी भाव एक ही रहता है। गुरुवर रविन्द्र नाथ टैगोर ने कहां था कि "भाषा केवल बोलने का माध्यम नहीं, यह राष्ट्र की चेतना एवं संस्कृति का संवाहक है। उपभोगवादी जीवन शैली के कारण आज हमने पर्यावरण के सम्मुख संकट खड़ा किया है। इसके कारण अन्न, जल, वायु जिस पर हमारा जीवन निर्भर है सभी विषयुक्त बना है। इसी कारण महात्मा गांधी ने कहा था कि "प्रकृति हमारी आवश्यकता की पूर्ति कर सकती है, हमारे लालच की नहीं। हम सादगी युक्त जीवन शैली धारण करें। हमारे देश की विशालता के कारण इसमें विविधताओं का भंडार है। रंग-रूप, खान-पान, भाषा, लिंग, जाति, पूजा-पद्धति, ऊँच-नीच आदि में यह विविधता प्रकट होती है। इसी विविधता को अज्ञानवश कुछ लोग विभेद के रूप में स्थापित करते हैं। हम सभी भारत मां की संतान होने के कारण से एक हैं। किसी भी देश का विकास केवल सरकारों से नहीं, उसके साथ खड़ी संस्कारयुक्त, कर्तव्यनिष्ठ, जागृत जनशक्ति के द्वारा होता है। हमें इस दायित्व बोध से युक्त समाज बनना है। हमारी जिम्मेदारी है कि हम देश के विकास के लिए शत-प्रतिशत मतदान करके अपने कर्तव्य का निर्वाह करें । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पंच प्रण का पालन करते हुए हमसे यह अपेक्षा की है कि हम सभी भारतवासी "विकसित भारत" के संकल्प में सहायक बनें एवं स्वतंत्रता के इस शुभ अवसर पर इन संकल्पों को हम सभी अपने जीवन का अंग बनाएं।

*( लेखक भाजपा के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)*

# शांति से सभी दुखों को खत्म किया जा सकता है



संकलित
**दर्शन**

हम स्वयं शांति के सर्वश्रेष्ठ प्रहरी हैं। हमें कोई दूसरा व्यक्ति या वस्तु या स्थान शांति दे सकता है, यह एक काल्पनिक विचार है। हम स्वयं शांति से रह सकते हैं और दूसरों को भी शांतिपूर्वक रख सकते हैं। शांति एक मानवीय गुण तो है ही, लेकिन यह आत्मिक शक्ति है। शांति सभी सुखों की मूल है। इससे सभी वैभव एवं ऐश्वर्य की पूर्ति संभव है। शांति द्वारा सभी दुखों का शमन किया जा सकता है। इससे हर रोग का निदान होता है। शांति का माध्यम सभी समस्याओं का समाधान तैयार करता है। शांति ही देश का निर्माण करती है, वहीं अशांति से देश का पतन आरंभ होता है। शांति और अशांति के बीच समाज, समुदाय, वर्ग, कौम, जाति और संस्थाएं गतिहीन हो जाती हैं। देश की उन्नति, विकास और पुनर्निर्माण के लिए शांति का वातावरण अनिवार्य है। शांति एक शब्द मात्र नहीं है। शांति को मन मंदिर में बसाने वाले लोग देव तुल्य होते हैं। इसलिए स्वयं भी शांति के प्रहरी बनिए और दूसरों को भी शांति दूत बनाइए। यही संसार के मंगल का भेद है। शांति से बड़ी कोई दौलत नहीं है। परिवार में शांति एक वट वृक्ष की तरह है, जिसकी छाया में आनंद की अनुभूति पाई जा सकती है। अशांति कालांतर में अग्नि के समान जीवन के हर अंग को भस्म कर देती है। मानवता का मूल इसी शांति के गर्भ में स्थिर है। यदि जीवन को सुख और वैभव से संपन्न करना हो तो निश्चित ही शांति की पूजा करनी होगी। देश में जन सामान्य को शांति के सूत्र अपनाने चाहिए।

# अहंकार का त्याग ही तपस्या का मूलमंत्र



संकलित
**प्रेरणा**

एक साधु व एक डाकू एक ही दिन मरकर यमलोक पहुंचे धर्मराज उनके कर्मों का लेखा-जोखा खोलकर बैठे थे और उसके हिसाब से उनकी गति का हिसाब करने लगे। धर्मराज ने दोनों से कहाः मैं अवसर देता हूं, कह सकते हो। डाकू अत्यंत विनम्र शब्दों में बोला महाराजः मैंने जीवन भर पापकर्म किए जिसने केवल पाप ही किया हो वह क्या आशा रखे आप जो दंड दें, मुझे स्वीकार है। डाकू के चुप होते ही साधु बोला महाराजः मैंने आजीवन तपस्या और भक्ति की है मैं कभी असत्य के मार्ग पर नहीं चला। धर्मराज ने दोनों की बात सुनी फिर डाकू से कहाः तुम्हें दंड दिया जाता है कि तुम आज से इस साधु की सेवा करो डाकू ने सिर झुकाकर आज्ञा स्वीकार कर ली। यमराज की यह आज्ञा सुनकर साधु ने आपत्ति जताते हुए कहाः महाराज! इस पापी के स्पर्श से मैं अपवित्र हो जाऊंगा मेरी तपस्या तथा भक्ति का पुण्य निरर्थक हो जाएगा मेरे पुण्य कर्मों का उचित सम्मान नहीं हो रहा है। धर्मराज को साधु की बात पर बड़ा क्षोभ हुआ वह क्षुब्ध होकर बोलेः निरपराध व्यक्तियों को लूटने और हत्या करने वाला डाकू मर कर इतना विनम्र हो गया कि तुम्हारी सेवा करने को तैयार है। तुम वर्षों के तप के बाद भी अहंकार ग्रस्त ही रहे यह नहीं जान सके कि सब में एक ही आत्मतत्व समाया हुआ है तुम्हारी तपस्या अधूरी और निष्फल रही अतः आज से तुम इस डाकू की सेवा करो, और तप को पूर्ण करो।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### गाजर घास : एक पर्यावरणीय चुनौती

गाजर घास (पार्थेनियम हिस्ट्रोफोरस), जिसे तारा घास के नाम से भी जाना जाता है। अमेरिका, एशिया और अफ्रीका में यह एक मुख्य और हानिकारक खरपतवार है। हमारे देश में इसका प्रवेश 1950 में अमेरिका और कनाडा से आयातित गेहूं के साथ हुआ था। 1950 के दशक में पुणे और महाराष्ट्र में इसे सबसे पहले देखा गया। बरसात के मौसम में इस घास की प्रचुर मात्रा में वृद्धि होती है, लेकिन यह पौधा हर तरह के वातावरण में तेजी से उठकर फसलों, मनुष्य और पशुओं के लिए एक गंभीर समस्या है। इसे अक्सर खाली पड़ी जमीनों, सड़कों, रेलवे ट्रैक और बंजर भूमि पर देखा जाता है। गाजर घास एलर्जी संबंधित समस्याओं का मुख्य कारण है। इसके सेवन से पशुओं में खुजली और दूध में कड़वापन आ जाता है। इससे निपटने की कारगर विधि यह है कि इसे जड़ से उखाड़ कर नष्ट कर दिया जाए। – *राकेश मिश्रा, कांकेर*

## जन्म दिवस विशेष
डॉ. इन्दिरा मिश्र



# शिक्षा केवल जानकारी या रोजगार के लिए नहीं

महान योगी श्री अरविन्द ने मुनष्य मात्र की सभावनाओं को बड़ी गंभीरता से लिया था। उनकी तमन्ना थी कि बच्चे का पालन बड़ी सावधानी से किया जाना चाहिए। बचपन का समय अथवा विद्यार्थी जीवन में व्यक्ति को जो परवरिश या संस्कार दिए जाते हैं वे ही उसके चरित्र का निर्धारण करते हैं। शिक्षा विद्यालय जाकर केवल अक्षर ज्ञान, गणित या इतिहास भूगोल विज्ञान जानना ही नहीं है, बल्कि आयु के बढ़ने के साथ-साथ उससे आगे जाकर अपना संतुलन, शिक्षा (आत्मिक और आध्यात्मिक) एवं ज्ञान प्राप्त करना भी है, जो कि व्यक्ति को मानस से एक दर्जा ऊपर उठाकर अति-मानस की श्रेणी में डाल सकता है। श्री मॉ जो श्री अरविन्द की सह-तपस्विनी थी, कहती थीं, कि छात्र ऐसे वीर योद्धा बनें, जो अतीत की जड़ता को तोड़ते हुए ऐसे महान युद्ध को लड़ सकें जिसमें नवीन चीजें अभिव्यक्त हों, और वह उन्हें ग्रहण करने के लिए तैयार हो सकें। वे अपनी मनोमयी चेतना और अज्ञान की दासता से ऊपर उठ सके।

अच्छा शिक्षक और अच्छे माता-पिता मिलकर एक अच्छा छात्र बनाने की संभावना रखते हैं। अच्छे माता- पिता के लिए जरूरी है कि वे बालक को अपने निर्देशन में पालें। उसे कभी भी अपने सेवकों के भरोसे न छोड़ें अन्यथा सेवक लोग उन्हें अपनी ही तरह की मनोवृत्ति में ढाल देंगे। एक अच्छा शिक्षक वह होता है, जो जिस चीज़ की शिक्षा छात्र को दे रहा है, वैसा स्वयं भी हो। उसे अपनी वाणी, विचारों और कामो में यह बात स्मरण रखनी चाहिए। स्मरणीय तथ्य है कि एक अच्छे शिक्षक को छोटे बच्चों के साथ बहुत धीरज धरना चाहिए और उनके लिए बार-बार बात को दोहराना चाहिए। तरह-तरह से समझाना चाहिए। धीरे-धीरे ही वह उनके मन में प्रवेश करेगी। छात्र के अन्दर काम में नियमित होने की अपेक्षा, बुद्धि और समझाने की क्षमता ज्यादा जरूरी है। स्थिरता बाद में भी आ सकती है। यदि शिक्षक यह आशा करे कि उसके छात्र बहुत शान्त, आज्ञाकारी, आदि होंगे, तो यह सही नहीं है। जरूरी यह है कि छात्र जो कुछ भी कर रहा हो, उसमें शिक्षक द्वारा रस लिया जाए, और उसमें ज्ञान, प्रगति के लिए इच्छा जगाई जाए। स्मरण शक्ति की बजाए उनकी बोध शक्ति बढ़ाई जाए। बचपन में छात्र में यह बोध शक्ति होती है। किन्तु पढ़ाई की रूटीन प्रक्रिया में वह शक्ति समाप्त हो जाती है। चीजों को रटाना एक घटिया प्रवृत्ति है चूंकि जो रटा हुआ है वह कुछ समय बाद भूल जाता है। परन्तु जो समझा गया है, वह कभी नहीं भूलता। यदि शिक्षक छात्र के कौतुहल का समाधानकारक उत्तर न दे सके, तो वह उसे कोई पुस्तकें दे सकता है ताकि छात्र की पढ़ने में रूचि हो जाए और उसकी ज्ञान प्राप्ति का मार्ग खुल जाए।



शिक्षक को छात्रों पर कभी भी गुस्सा नहीं होना चाहिए। हर परिस्थिति में पूरी तरह शान्त, स्थिर और अविचल बने रहना चाहिए। एक अच्छे छात्र को नम्र, प्रसन्नवदन और मृदुभाषी होना चाहिए। उसे अपने साथी छात्रों के साथ मित्रतापूर्ण व्यवहार करना चाहिए और उनकी अच्छे कार्य के लिए प्रशंसा भी करनी चाहिए। उसे किसी छात्र की निंदा में रूचि नहीं लेनी चाहिए। शिक्षक को छात्रों से बढ़कर अपनी योग्यता को बढ़िया दर्शाने की प्रवृत्ति बेकार है। उसे अच्छी तरह जानना है कि उसे क्या पढ़ाना है और अपने छात्रों की आवश्यकताओं को समझना है। बहुत शान्त रहना है। कभी गुस्सा नहीं करना। दूसरों का स्वामी बनने से पहले अपना स्वामी बनना है। बच्चों से मार-पीट नहीं, कभी नहीं, डाँट डपट नहीं, कभी नहीं, अध्यापक छात्रों का परम मित्र हो। सात वर्ष की अवस्था तक बच्चों को मौज करनी चाहिए। विद्यालय एक खेल हो और वे खेल ही खेल में सीखें। बच्चों को पीटना सख्ती से मना है। हल्का सा घूंसा या मारपीट भी आत्म संयम के अभाव का सूचक है और यह अध्यापक तथा विद्यार्थी दोनों के लिए हानिकारक है। अच्छा छात्र आनन्दी, विनयी, ईमानदार और आज्ञाकारी होता है। यह एक अच्छा खिलाड़ी और शिष्ट होता है। श्री अरविन्द कहते हैं कि संक्षेप में बच्चे को ऐसे सीधे, सरल और सम्मानीय व्यक्ति बनने में सहायता दी जानी चाहिए, जो दिव्य मानव बनने के लिए तैयार हो।

एक उच्चतर जीवन यापन के लिए विद्यालय में अध्यापक और विद्यार्थी, दोनों को प्रगति का अवसर होना चाहिए। हर एक को मुक्त रूप से विकसित होने का अवसर मिलना चाहिए। मुक्त से तात्पर्य है ऐसी प्रगति जिसका निदेशन अन्तरात्मा करती हो और कल्पित विचार नहीं। अध्यापक को भी शिक्षण पद्धति में अपनी दृष्टि से की गई खोजों को शामिल करना चाहिए। तभी उसमें उसे स्थाई रूचि होगी।

## X ट्रेंड f

### स्थिति पर कड़ी नज़र



मेरी संवेदनाएँ और प्रार्थनाएं जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ में बादल फटने और बाढ़ से प्रभावित सभी लोगों के साथ हैं। स्थिति पर कड़ी नज़र रखी जा रही है। बचाव और राहत कार्य जारी हैं। ज़रूरतमंदों को हर संभव सहायता प्रदान की जाएगी।
**-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### श्रद्धांजलि अर्पित



जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ में बादल फटने की दुर्भाग्यपूर्ण आपदा में जान गंवाने वाले लोगों को मैं भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित करता हूँ तथा शोक संतप्त परिवारों के प्रति मेरी संवेदनाएं हैं। इस हादसे में प्रभावित सभी परिवारों और व्यक्तियों की कुशलता एवं सुरक्षा के लिए ईश्वर से प्रार्थना करता हूँ।
**-नायब सिंह सैनी, सीएम, हरियाणा**

### शिक्षा से ही सशक्तीकरण



शिक्षा ही सशक्तीकरण की नींव बनती है और प्रगतिशील परिवर्तन और विकास की भी। शिक्षा सकारात्मकता को जन्म देती है जिससे सहृदयता और सौहार्द विकसित होता है। शिक्षा के विरोधी स्कूल बंद करके सामाजिक समन्वय का मार्ग अवरुद्ध करते हैं।
**-अखिलेश यादव, सांसद, सपा**

### चुनौतियों का सामना



नायक/नायिका की ताकत हमेशा इस बात से तय होती है कि खलनायक कितना शक्तिशाली है। जीवन में भी आपकी उपलब्धियाँ इस बात से तय होती हैं कि आप कितनी बड़ी चुनौतियों का सामना करते हैं।
**-शेखर कपूर, फिल्मकार**

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**


टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

# अल्काराज, सिनर और सबालेंका ने बनाई क्वार्टर फाइनल में जगह

एजेंसी ▶▶| सिनसिनाटी

दुनिया के नंबर एक टेनिस खिलाड़ी जानिक सिनर और नंबर दो खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज ने सिनसिनाटी ओपन के क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली है। कार्लोस अल्काराज ने मुकाबले में इटली के लुका नार्डी को 6-1, 6-4 से हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह पक्की की। अगले दौर में उनका मुकाबला रूस के आंद्रेई रुबलेव से होगा।

- कार्लोस ने इटली के लुका नार्डी को 6-1, 6-4 से

### अल्काराज ने शुरुआत से बनाया दबदबा

अल्काराज ने मैच की शुरुआत से ही दबदबा बनाए रखा और मैच के पहले 14 में से 13 अंक जीते। स्पेन के इस खिलाड़ी ने पहला सेट सिर्फ 27 मिनट में जीत लिया। दूसरे सेट में नॉर्डी ने अल्काराज को कड़ा संघर्ष करने दिया। एक समय ऐसा भी आया, जब वह 2-4 से पीछे चल रहे थे। लेकिन, अल्काराज ने वापसी की और लगातार चार गेम जीतकर सेट 6-4 से अपने नाम किया।

## गुकेश ने कारुआना को हराया, हासिल किया चौथा स्थान

सेंट लुई। विश्व चैंपियन डी. गुकेश ने अमेरिका के लीनियर डोमिन्गुएज पेरेज से मिली हार से उबरते हुए वेस्ली सो और फैबियानो कारुआना की अमेरिकी जोड़ी को हराकर ग्रैंड शतरंज टूर के सेंट लुई रैपिड एंड ब्लिट्ज के रैपिड वर्ग में चौथा स्थान हासिल किया। यह लगातार तीसरा दिन था जब गुकेश ने हार के साथ शुरुआत की लेकिन इसके बावजूद वह चौथा स्थान हासिल करने में सफल रहे। इस टूर्नामेंट की पुरस्कार राशि 1,75,000 अमेरिकी डॉलर है और इसमें अभी 18 ब्लिट्ज गेम खेले जाने बाकी हैं। गुकेश से हारने के बावजूद कारुआना रैपिड वर्ग में 14 अंकों के साथ शीर्ष पर रहे। उनके बाद आर्मेनियाई से अमेरिकी बने लेवोन अरोनियन का नंबर आता है।


**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर परिषद झज्जर | दस वर्ष के लिए रोजाना निकलने वाले नगरीय ठोस कचरे के प्रसंस्करण हेतु एजेंसी का चयन (पुनः आमंत्रण) + 2 अन्य कार्य। | 12.08.2025 02.09.2025 | 999.05 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8708374707 ec-jhajjar@ulbharyana.gov.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/40/37721/I/88/7 दि. 14.08.25



**अलंकित लिमिटेड**
CIN: L74900DL1989PLC036860
पंजी. कार्यालय : 205-208, अनारकली कॉम्पलैक्स, झंडेवालान एक्सटेंशन, नई दिल्ली-110055

**30.06.2025 को समाप्त प्रथम तिमाही हेतु स्टैंडअलोन और समेकित अअंकेक्षित वित्तीय परिणामों के विवरण का सार**

(ईपीएस को छोड़कर रु. लाखों में)

| क्र. सं. | विवरण | समेकित | | | | स्टैंडअलोन | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | समाप्त तिमाही 30.06.2025 (अअंकेक्षित) | समाप्त तिमाही 31.03.2025 अंकेक्षित | समाप्त तिमाही 30.06.2024 (अअंकेक्षित) | समाप्त वर्ष 31.03.2025 अंकेक्षित | समाप्त तिमाही 30.06.2025 (अअंकेक्षित) | समाप्त तिमाही 31.03.2025 अंकेक्षित | समाप्त तिमाही 30.06.2024 (अअंकेक्षित) | समाप्त वर्ष 31.03.2025 अंकेक्षित |
| 1 | प्रचालनों से कुल आय | 10,770.55 | 11,145.88 | 6503.34 | 31,940.95 | 2,722.57 | 3,514.04 | 2,950.53 | 11,262.12 |
| 2 | अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (कर, असाधारण मदों से पूर्व) | 852.64 | 1,731.18 | 856.56 | 3,686.94 | 356.85 | 1,270.72 | 511.97 | 2,270.50 |
| 3 | कर से पूर्व अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (असाधारण मदों के बाद) | 852.64 | 1,138.92 | 856.56 | 3,094.68 | 356.85 | 678.46 | 511.97 | 1,678.24 |
| 4 | कर के बाद अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) | 596.15 | 572.12 | 753.13 | 2,167.01 | 234.75 | 295.12 | 362.98 | 1,163.76 |
| 5 | अवधि हेतु कुल व्यापक आय (अवधि हेतु निहित लाभ/(हानि) (कर के बाद) और अन्य व्यापक आय (कर के बाद) | 611.99 | 556.30 | 764.43 | 2,230.38 | 249.16 | 318.10 | 374.53 | 1,221.39 |
| 6 | इक्विटी शेयर कैपिटल | 2,711.58 | 2,711.58 | 2,711.58 | 2,711.58 | 2,711.58 | 2,711.58 | 2,711.58 | 2,711.58 |
| 7 | रिजर्व्स (पूर्ववर्ती लेखा वर्ष की बैलेंस शीट के अनुरूप पुनर्मूल्यांकन रिजर्व्स को छोड़कर) | - | - | - | 26960.35 | - | - | - | 29,060.16 |
| 8 | अर्जन प्रति शेयर (रु. 1/- प्रत्येक के) (वार्षिकृत नहीं) | - | - | - | - | - | - | - | - |
| | 1. बेसिक | 0.19 | 0.16 | 0.27 | 0.73 | 0.09 | 0.11 | 0.13 | 0.43 |
| | 2. डायल्यूटेड | 0.19 | 0.16 | 0.27 | 0.73 | 0.09 | 0.11 | 0.13 | 0.43 |

टिप्पणी :
1. 30 जून 2025 को समाप्त तिमाही हेतु उपरोक्त अअंकेक्षित वित्तीय परिणामों की समीक्षा ऑडिट कमेटी द्वारा कर ली गई और इसकी अनुशंसा पर 14 अगस्त 2025 को आयोजित इसकी बैठक में निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित किये गये।
2. उपरोक्त सेबी (लिस्टिंग एवं अन्य घोषणा आवश्यकताएं) नियमनों, 2015 के नियमन 33 के तहत स्टॉक एक्सचेंजेज के पास दायर किये गये तैमाहिक वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का एक सार है। तैमाहिक वित्तीय परिणामों का पूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचेंज वेबसाइट्स www.bseindia.com और www.nseindia.com पर उपलब्ध हैं। ये कम्पनी की वेबसाइट www.alankit.in पर भी उपलब्ध हैं।
3. उपरोक्त परिणाम कम्पनी अधिनियम 2013 की धारा 133 और अन्य मान्यताप्राप्त लेखा प्रैक्टिसेज और पॉलिसीज, जहां तक लागू योग्य हैं, के तहत निर्धारित कम्पनी (भारतीय लेखा मानकों) नियमों 2015 (Ind AS) के अनुरूप तैयार किये गये हैं।

कृते अलंकित लिमिटेड

दिनांक : 14.08.2025
स्थान : नई दिल्ली

अंकित अग्रवाल
प्रबंध निदेशक


## बोधना बनीं दुनिया की सबसे कम उम्र की इंटरनेशनल चेस मास्टर

सेंट लुई। भारतीय मूल की ब्रिटिश नागरिक बोधना शिवानंदन दुनिया की सबसे कम उम्र की इंटरनेशनल चेस मास्टर बन गई हैं। अब वह ग्रैंडमास्टर के खिताब से सिर्फ एक सीढ़ी दूर रह गई हैं। 10 साल की बोधना ने पिछले हफ्ते ब्रिटिश चेस चैंपियनशिप में 60 वर्ष की ग्रैंडमास्टर पीटर वेल्स को हराकर चौंका दिया था। वह किसी ग्रैंडमास्टर को हराने वाली सबसे कम उम्र की महिला खिलाड़ी बनकर इतिहास रचा था।


**उत्तर रेलवे**
**निविदा सूचना**
(ई-टेंडरिंग द्वारा)

| | |
|---|---|
| कार्य का नाम तथा स्थान | दिल्ली मंडल में केबल स्वास्थ्य की निगरानी के लिए अर्थ लीकेज डिटेक्टर (ELD) का प्रावधान। |
| कार्य की अनुमानित लागत (₹) | Rs. 86,07,618.50/- |
| धरोहर राशि (₹) | Rs. 1,72,200.00/- |
| कार्यालय का पता | वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता-C, तृतीय तल, संकेत एवं दूरसंचार ब्रांच, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली-110055 |
| निविदा प्रपत्र जमा करने तथा निविदा खुलने की दिनांक तथा समय | निविदा प्रपत्र अपलोड करने का समय 13.08.2025 / निविदा खुलने का दिनांक 04.09.2025 15:00 बजे तक |
| वेब साइट एवं नोटिस बोर्ड का स्थान जहां से विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है। | उत्तर रेलवे की वेब साइट www.ireps.gov.in पर देखें या देखें नोटिस बोर्ड, तृतीय तल, संकेत एवं दूरसंचार ब्रांच, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली-110055 |

निविदा संख्या: 558-Sig-16-M-TENDER-1458 दिनांक : 13.08.2025 2492/2025
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


फुटबॉल

# पीएसजी ने जीती सीजन की 5वीं ट्राफी यूईएफए सुपर कप पर किया कब्जा




एजेंसी ▶▶| पेरिस

चैंपियंस लीग के चैंपियन पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) ने अपना स्वप्निल अभियान जारी रखते हुए पेनल्टी शूटआउट में टॉटेनहैम को हराकर यूईएफए सुपर कप जीत लिया, जो फ्रांस के इस फुटबॉल क्लब की वर्ष 2025 में पांचवी ट्रॉफी है। नूनो मेंडेस ने शूटआउट में निर्णायक स्पॉट किक को गोल में बदलकर पीएसजी की शानदार वापसी को अंजाम तक पहुंचा। पीएसजी की जीत एक समय असंभव लग रही थी क्योंकि चैंपियंस लीग और यूरोपा लीग के विजेताओं के बीच खेले गए इस वार्षिक मैच में टॉटेनहैम निर्धारित समय के 85वें मिनट तक 2-0 से आगे चल रहा था। ली कांग-इन ने निचले कोने में जोरदार शॉट लगाकर पीएसजी के लिए पहला गोल किया जबकि उनके साथी खिलाड़ी गोंकालो रामोस ने इंजरी टाइम के चौथे मिनट में बराबरी का गोल दागकर उडीन के स्टेडियो फ्रीउली में खेले गए इस रोमांचक मैच में स्कोर 2-2 कर दिया।

- पीएसजी ने पेनल्टी शूटआउट में टॉटेनहैम को हराया

### पीएसजी ने लगातार चार पेनल्टी गोल में बदली

पेनल्टी शूटआउट में पीएसजी के लिए विटिना पहले प्रयास में चूक गए। इसके बाद टॉटेनहैम शूटआउट में 2-0 की बढ़त बनाकर फिर से उलटफेर करने की स्थिति में आ गया। लेकिन उसके खिलाड़ी मिकी वैन डे वेन और मैथिस टेल पेनल्टी को गोल में नहीं बदल पाए जबकि पीएसजी ने लगातार चार पेनल्टी गोल में बदली। पीएसजी ने इस साल चैंपियंस लीग, लीग 1 और कूप डी फ्रांस का तिहरा खिताब जीता था। उसने जनवरी में ट्रॉफी डेस चैंपियंस भी जीता था।

टी-20 सीरीज

# ऑस्ट्रेलिया-साउथ अफ्रीका में आर-पार की टक्कर

- 16 अगस्त को ऑस्ट्रेलिया और साउथ अफ्रीका के बीच तीसरा टी20
- दोनों टीमें तीन मुकाबलों की सीरीज में 1-1 से बराबरी पर





एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

ऑस्ट्रेलिया और साउथ अफ्रीका के बीच केर्न्स में शनिवार को टी20 सीरीज का तीसरा और निर्णायक मुकाबला खेला जाना है, जिसे जीतने वाली टीम सीरीज अपने नाम कर लेगी। सीरीज के शुरुआती दोनों मैच डार्विन में खेले गए थे। ऑस्ट्रेलिया ने पहले मैच को 17 रन से जीता, जिसके बाद साउथ अफ्रीका ने दूसरा मुकाबला 53 रन से अपने नाम किया। दोनों टीमें फिलहाल तीन मुकाबलों की सीरीज में 1-1 से बराबरी पर हैं।

### चोट के कारण ओवेन मैच से बाहर

ऑस्ट्रेलिया को सीरीज के निर्णायक मुकाबले से पहले झटका लगा है। मिचेल ओवेन इस मैच में नहीं खेल सकेंगे। बल्लेबाजी के दौरान उनके हेलमेट पर गेंद लगी थी। इस मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया को बल्लेबाजी में टिम डेविड और कैमरून ग्रीन से उम्मीदें होंगी, जबकि गेंदबाजी में एडम जांपा और बेन ड्वारशुइस विपक्षी टीम के बल्लेबाजों को परेशान कर सकते हैं।






हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109

15 अगस्त को ट्रंप-पुतिन मुलाकात के फेल होने पर भारत पर और टैरिफ लगाने की अमेरिका की नई चेतावनी के बीच बोले विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल

# टैरिफ संकट के बीच भारत को अमेरिका संग साझेदारी आगे बढ़ने की उम्मीद

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

रूस से की जा रही कच्चे तेल की खरीद से उखड़े अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारत पर लगाए गए 50 फीसदी पारस्परिक टैरिफ में आगामी वक्त में और बढ़ोतरी की जा सकती है। जिसका साफ संकेत अमेरिका के वित्त मंत्री (ट्रेजरी सचिव) स्कॉट बेसेंट के एक ताजा बयान से मिला है। भारत ने गुरुवार को व्यापक परिप्रेक्ष्य में टैरिफ की चुनौती, उस पर भारत का मौजूदा रुख, द्विपक्षीय संबंध और रक्षा साझेदारी जैसे मुद्दों को लेकर दोनों देशों के संबंधों पर अपने दृष्टिकोण को स्पष्ट किया है। राजधानी में हुई एक मीडिया ब्रीफिंग में विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि भारत और अमेरिका के संबंध एक व्यापक वैश्विक रणनीतिक साझेदारी पर आधारित हैं। जिनकी नींव दोनों देशों के आपसी हितों, लोकतांत्रिक मूल्यों, लोगों के बीच परस्पर और मजबूत रिश्तों की बुनियाद पर टिकी हुई है। संबंधों में हम कई प्रकार के बदलाव और चुनौतियों के भी साक्षी रहे हैं। वर्तमान में हमारा उद्देश्य भारत-अमेरिका के मूल एजेंडे पर ध्यान केंद्रित करने पर है। साथ ही हमारा ये भी मानना है कि आने वाले दिनों में यह साझेदारी आपसी सम्मान और साझा हितों के तहत लगातार आगे बढ़ती रहेगी।



### ट्रंप-पुतिन वार्ता फेल होने पर बढ़ेगा टैरिफ?

अमेरिकी वित्त मंत्री ने चेतावनी भरे अंदाज में कहा कि 15 अगस्त को अलास्का में होने वाली राष्ट्रपति ट्रंप और पुतिन की मुलाकात के परिणाम बहुत हद तक ये तय करेंगे कि भारत पर सेकेंडरी टैरिफ और बढ़ सकता है या नहीं। बेसेंट के मुताबिक, हमने भारत पर रूस से तेल की खरीद को लेकर टैरिफ (50 फीसदी) लगाया है। अगर चीजें ठीक नहीं हुईं, तो प्रतिबंध या टैरिफ बढ़ाया जा सकता है।

### दोनों देशों के बीच मजबूत रक्षा सहयोग

जायसवाल ने कहा, भारत और अमेरिका के बीच रक्षा सहयोग बड़ा मजबूत है। बीते कई दशकों में दोनों के बीच कई समझौते हुए हैं। जो रक्षा सहयोग को नए आयाम के साथ मजबूती प्रदान करते हैं। वहीं, स्थापित प्रक्रिया के तहत दोनों देशों के बीच रक्षा खरीद प्रक्रिया जारी है। उन्होंने कहा कि इस महीने अमेरिका की एक रक्षा नीति टीम भी भारत आएगी। दोनों पक्ष टू प्लस टू अंतर-सत्र वाली बैठक से जुड़ी कार्यकारी बैठक को भी अगस्त में करने के लिए बातचीत कर रहे हैं। भारत और अमेरिका की सेनाएं आगामी समय में अलास्का में संयुक्त एक्सरसाइज युद्ध अभ्यास करेंगी।

### पीएम की अमेरिका यात्रा पर कोई निर्णय नहीं

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) की सितंबर में होने वाली बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की भागीदारी को लेकर कहा कि इसे लेकर की जाने वाली पीएम की अमेरिका यात्रा को लेकर कोई निर्णय नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि मंत्रालय ने अपने पूर्व बयान में कहा था कि भारत ने अलास्का में राष्ट्रपति ट्रंप और राष्ट्रपति पुतिन के बीच शिखर बैठक के लिए बनी सहमति का स्वागत किया है। जो यूक्रेन संघर्ष की समाप्ति और शांति स्थापित करने के वादे के साथ होगी। पीएम मोदी कई अवसरों पर युद्ध के मैदान से इतर बातचीत-कूटनीति के माध्यम से शांति स्थापित करने पर जोर दे चुके हैं। उनका ये भी कहना है कि ये युद्ध का युग नहीं है।

### राष्ट्रीय हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध भारत

अमेरिका के 50 फीसदी टैरिफ के जवाब में हाल ही में एक आधिकारिक बयान जारी कर भारत ने अपना रुख साफ किया था। जिसमें अमेरिका के निर्णय को अनुचित और अविवेकपूर्ण करार देते हुए ये घोषणा की गई थी कि भारत अपने राष्ट्रीय हितों की रक्षा के लिए दुनिया के बाकी देशों की तरह ही तमाम जरूरी कदम उठाएगा। देश का तेल आयात पूरी तरह से बाजार कारकों और 140 करोड़ भारतीयों की ऊर्जा सुरक्षा की पूर्ति करने के उद्देश्य से जुड़ा हुआ है।

### डॉलर के खिलाफ नहीं भारत

रणधीर ने कहा, भारत का अमेरिकी डॉलर के खिलाफ किसी तरह की अन्य वैकल्पिक व्यवस्था बनाने का कोई इरादा नहीं है। हमने अपनी स्थिति को साफ कर दिया है कि डॉलर का अवमूल्यन या वैकल्पिक व्यवस्था भारत के वित्तीय एजेंडे में शामिल नहीं है।

### खारिज की मानवाधिकार पर अमेरिकी रिपोर्ट

उन्होंने अमेरिका के विदेश विभाग द्वारा भारत के संदर्भ में मानवाधिकार पर जारी की गई रिपोर्ट को खारिज करते हुए कहा, यह रिपोर्ट आरोपों, गलतबयानी और एकतरफा अनुमानों का मिश्रण है। यह भारत के लोकतांत्रिक ढांचे, बहुलवादी समाज और मानवाधिकारों की रक्षा के लिए मजबूत संस्थागत तंत्र की कमजोर समझ को दर्शाती है। हम ऐसे पक्षपाती आकलनों पर कतई विश्वास नहीं करते हैं। देश समावेशी शासन, विकास के माध्यम से अपनी जनता के मानवाधिकारों को आगे बढ़ाने पर केंद्रित है।

## एफबीआई ने रणदीप मलिक को किया गिरफ्तार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिका की फेडरल ब्यूरो इन्वेस्टिगेशन (एफबीआई) ने रणदीप सिंह उर्फ रणदीप मलिक को उसके घर से पकड़ा। रणदीप हरियाणा के जींद का रहने वाला है। रणदीप विदेश में रहकर लॉरेंस बिश्नोई के कहने भारत में कई बड़ी वारदातों को अंजाम दे चुका है। एफबीआई ने उसकी गिरफ्तारी की जानकारी भारतीय एजेंसियों के साथ साझा की है। उसे अमेरिका के जैक्सन पैरिश करेक्शनल सेंटर में रखा गया है। रणदीप चंडीगढ़ में क्लब में ब्लास्ट और दिल्ली के नादिर शाह मर्डर में आरोपी है। बता दें एनआईए को भी रणदीप मलिक की तलाश में थी। वह अमेरिका में बैठकर भारत मे आतंक फैला रहा था और गिरोह में नए सदस्यों को जोड़ने का काम कर रहा था। जांच एजेंसियों को उम्मीद है कि रणदीप से लॉरेंस के इंडिया में छिपे गुर्गों का पता चलेगा, जल्द ही इस मामले में भारत में कई और गिरफ्तारी हो सकती हैं।




## कागज मिटाओ, अधिकार चुराओ- राहुल गांधी ने उठाया छग का मुद्दा, भाजपा पर तीखा वार

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने भारतीय जनता पार्टी पर आदिवासियों, दलितों और पिछड़े वर्गों के अधिकारों को योजनाबद्ध तरीके से कमजोर करने का गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि भाजपा सरकारें "काग़ज़ मिटाओ, अधिकार चुराओ" की नीति पर काम कर रही हैं। उन्होंने छत्तीसगढ़ के बस्तर और राजनांदगांव ज़िलों का हवाला देते हुए कहा कि भाजपा सरकार के कार्यकाल में आदिवासियों को दिए गए हज़ारों वन अधिकार पट्टों के दस्तावेज़ अचानक लापता हो गए हैं। उन्होंने कहा कि बस्तर में 2 हज़ार पट्टों का रिकॉर्ड गायब किया गया है, जबकि राजनांदगांव में आधे से अधिक पट्टों का कोई अता-पता नहीं है। यह केवल दस्तावेज़ों की चोरी नहीं है, यह आदिवासियों के जल, जंगल और ज़मीन से उनके पहले हक़ को छीनने की साजिश है। उन्होंने कहा कि "वन अधिकार अधिनियम, 2006" कांग्रेस सरकार द्वारा आदिवासियों के अधिकारों की रक्षा के लिए लाया गया था। इस कानून ने जंगलों में रहने वाले आदिवासियों को उनके पारंपरिक भूमि पर अधिकार दिया। राहुल का आरोप है कि भाजपा सरकारें इस कानून को कमजोर कर रही हैं और आदिवासियों के साथ "दूसरी दर्जे के नागरिक" जैसा व्यवहार कर रही हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि सिर्फ वन अधिकार ही नहीं, बल्कि दलितों और पिछड़े वर्गों के वोटिंग अधिकार भी भाजपा के निशाने पर हैं। कई राज्यों में वोटर लिस्ट से इन समुदायों के नामों को जानबूझकर हटा दिया जा रहा है, ताकि उन्हें लोकतांत्रिक भागीदारी से वंचित किया जा सके। कांग्रेस किसी भी हाल में आदिवासियों और वंचित वर्गों के अधिकारों को खत्म नहीं होने देगी। आदिवासी इस देश के पहले मालिक हैं। हम उनके अधिकारों की रक्षा के लिए आख़िरी दम तक लड़ेंगे। ये है वन अधिकार अधिनियमः वन अधिकार अधिनियम, 2006 के तहत भारत के आदिवासियों और पारंपरिक वनवासी समुदायों को उनके पूर्वजों की भूमि पर अधिकार दिया जाता है। यह कानून उन्हें कृषि, आवास, वन उत्पादों के उपयोग और ग्राम सभा के अधिकार भी प्रदान करता है। इस कानून का उद्देश्य ऐतिहासिक अन्याय को सुधारना है, लेकिन अब इसके तहत दिए गए पट्टे और रिकॉर्ड ही कई जगहों पर गायब किए जा रहे हैं। राहुल गांधी का यह बयान देश की राजनीति में एक बार फिर से कांग्रेस से बिदक रहे आदिवासी वोटरों को सहेजने की जुगत है।

